Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 252 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, बुधवार 03 अप्रैल 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जिसकी दृष्टि सम्यक हो, वह कभी कर्त्तव्य विमुख नहीं होता है।

One, who has fair perspective, never looses the way of duty.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने संजय सिंह को एक्साइज पॉलिसी मामले में दी जमानत

**नई दिल्ली (एएनआई)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह को उत्पाद शुल्क नीति मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुनवाई के दौरान जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली सिंह की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। प्रवर्तन निदेशालय ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि एजेंसी को सिंह को जमानत मिलने पर कोई आपत्ति नहीं है।

### भारत में कोयला उत्पादन पहली बार एक अरब टन के पार होने पर पीएम मोदी ने की सराहना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में 2023-24 के दौरान कोयला और लिग्नाइट का उत्पादन एक अरब टन के पार जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ऐतिहासिक रूप से मील का पत्थर बताया है। उन्होंने कहा कि यह विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर पीएम मोदी ने कहा, यह आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत का मार्ग सुनिश्चित करता है। प्रधानमंत्री ने सोमवार देर रात कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी द्वारा एक्स पर पोस्ट एक बयान के जवाब में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। कोयला मंत्री ने कहा कि पहली बार, भारत का कोयला और लिग्नाइट उत्पादन एक बिलियन टन को पार कर गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी की रैली के बाद रुद्रपुर में रोड शो, लोगों की उमड़ी भीड़

# देवभूमि का आशीर्वाद मेरी शक्ति है, उत्तराखंड की धरती पर बड़ा सुकून मिलता है : नरेन्द्र मोदी

**रुद्रपुर ( आरएनएस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड के रुद्रपुर पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद जब मोदी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करने प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे तो सारा मैदान उनके जयकारों से गूंज उठा।

रुद्रपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जनता मोदी-मोदी के नारे लगा रही है। देवभूमि का आशीर्वाद मेरी शक्ति है। जब भी उत्तराखंड की धरती पर आता हूं, मुझे बड़ा सुकून मिलता है। हमें उत्तराखंड को विकसित बनाना है। उत्तराखंड को आगे लेकर जाना है। मैं देवभूमि के ध्यान से ही धन्य हो जाता हूं, ये सौभाग्य मेरा मैं तुमको शीश नवाता हूं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शंखनाद रैली के बाद रुद्रपुर में रोड शो निकाला। प्रधानमंत्री मोदी की एक झलक पाने के लिए लोगों की भारी भीड़ दिखाई दी। सड़क के दूसरी ओर, लंबी-लंबी लाइनों में लोग पीएम मोदी को देखने के लिए खड़े रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोड शो के दौरान किसी को भी नाराज नहीं किया। पीएम मोदी ने अपनी कार से बाहर खड़े होकर सभी लोगों का अभिनंदन स्वीकार किया। कई लंबी लाइनों में खड़े लोगों ने मोदी-मोदी के नारे लगाए। पीएम मोदी के रोड शो के दौरान लोगों में भारी जोश और उत्साह दिखाई दिया।



इससे पहले मोदी ग्राउंड में आयोजित पीएम मोदी की उत्तराखंड लोकसभा चुनाव 2024 में पहली चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह उनकी गारंटी है कि देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। उन्होंने कहा कि मोदी की जो गारंटी होती है वह जरूर पूरी होती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से चुनावी वादा करते हुए कहा कि उत्तराखंड में लोगों का आने वाले दिनों में बिजली बिल जीरो होगा। यही नहीं, बिजली बिलों से लोगों की कमाई भी होगी। पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने पीएम सूर्य घर योजना शुरू की है। इस योजना से लोगों को 300 यूनिट तक बिजली फ्री में मिलेगी और ज्यादा बिजली उत्पादन होने पर बिजली से कमाई भी होगी।

उत्तराखंड लोकसभा चुनाव 2024 में पहली बार मंगलवार को रुद्रपुर में आयोजित विजय शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है, वह मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है। यही वजह है उत्तराखंड में पिछले 10 सालों इतना विकास हुआ है। लेकिन मोदी इसे केवल ट्रेलर मानता है। अभी बहुत आगे जाना है। पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड पहुंचकर वह धन्य हो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यही वजह है कि पिछले 10 सालों में उत्तराखंड में तेजी से विकास हुआ है। उत्तराखंड के बॉर्डर एरिया पर रेल और सड़क कनेक्टिविटी पहले से ज्यादा बेहतर हुई है। कहना था कि उत्तराखंड में 85 हजार से ज्यादा पक्के मकान बनाए गए हैं, साढ़े पांच लाख से शौचालयों का निर्माण हुआ है और पांच लाख से ज्यादा लोगों को उज्जवला योजना का लाभ मिला है।

कांग्रेस पर एक और हमला करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि वे तुष्टिकरण में इतने तल्लीन हैं कि वे कभी भी राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता नहीं दे सकते। कांग्रेस तुष्टिकरण में इतनी डूबी हुई है कि वह कभी भी राष्ट्रीय हित के बारे में नहीं सोच सकती। यह एक ऐसी पार्टी है जो घुसपैठियों पर आंखें मूंद लेती है।

**कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर भी बरसे**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने अपने इरादे दिखा दिए हैं। कांग्रेस के शहजादे ने अपने इरादे दिखा दिए हैं। तीसरी बार भाजपा आई तो देश में आग लग जाएगी। 10 साल सत्ता से बाहर क्या रहे ऐसी भाषा बोल रहे हैं। ऐसे लोगों को चुन-चुनकर बाहर करें। इमरजेंसी मानसिकता वालो को सजा मिलनी चाहिए।

**तीसरे टर्म में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कि तीसरे टर्म में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार होगा, यह गारंटी देने आया हूं। भ्रष्टाचार हर गरीब और मध्यम वर्ग का हक छीनता है। ऐसा नहीं होने दूंगा। कहा कि आने वाले पांच साल बड़े फैसलों के होंगे। इसके लिए मोदी को और मजबूत करना होगा।

**पीएम मोदी का उत्तराखंडियों से निवेदन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधन के आखिरी में लोगों से निवेदन भी किया है। कहा कि आप सभी लोगा अपने-अपने गांव जरूर जाएं। गांव जाकर अपने-अपने देवी-देवताओं के मंदिर में जाकर मोदी की तरह से मत्था टेकना है। मादी ने कहा कि आप सभी को गांव में जाकर सभी को कहना है कि मोदी ने प्रमाण भेजा है।

# भाजपा प्रत्याशी भोजराम नाग के नामांकन में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**रायपुर ( एजेंसी )।** मोदी जी के विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने हम सभी को मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। कांकेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के नामांकन दाखिल करने के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उक्त बात कही।



गौरतलब है कि कांकेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भोजराम नाग के समर्थन में आज कांकेर में जन सैलाब उमड़ पड़ा। नामांकन रैली में आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिली। सीएम साय की उपस्थिति में भव्य रैली निकालकर भोजराज नाग ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन में विशेष रूप से भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी नितिन नबीन, मंत्री रामविचार नेताम, विधायक विक्रम उसेंडी भी शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री के हेलिकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी

**रायपुर ( आरएनएस )।** मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। जिसके चलते मुख्यमंत्री अपने निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटे बाद कांकेर के लिए रवाना हुए। बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णूदेव साय मंगलवार को कांकेर में लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग के नामांकन में शामिल होने के लिए कांकेर रवाना हुए। किंतु वे अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार समय पर नही निकल पाये। दरअसल मुख्यमंत्री अपने हेलिकॉप्टर से कांकेर जाने वाले थे किंतु उनके हेलिकॉप्टर में कुछ तकनिकी खराबी आ गई। जिसके चलते तकनीशियनों के खराबी को दूर किए जाने के बाद वे करीब डेढ़ घंटे बाद रवाना हुए।

# राहुल गांधी आज वायनाड से अपना नामांकन दाखिल करेंगे

**तिरुवनंतपुरम ( ए )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए वायनाड से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। यहां से वह दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन से पहले वह निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो में हिस्सा लेंगे और शाम तक दिल्ली लौट आएंगे।



केरल में चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। राहुल गांधी का मुकाबला सीपीआई महासचिव डी. राजा की पत्नी सीपीआई उम्मीदवार एनी राजा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन से है। सुरेंद्रन ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह अच्छा है कि गांधी आखिरकार अपना नामांकन दाखिल करने के लिए वायनाड आ रहे हैं। राज्य भाजपा प्रमुख ने कांग्रेस नेता पर निर्वाचन क्षेत्र में कुछ भी काम नहीं करने का आरोप लगाया है।

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने भी इंडिया ब्लॉक की पार्टी सीपीआई की एनी राजा के खिलाफ चुनाव लड़ने पर राहुल गांधी पर तंज किया है।

# बदायूं में सीएम योगी ने कहा- पिछली सरकारों के समय बम विस्फोट होते थे, अब बम-बम होता है

**बदायूं ( आरएनएस )।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बदायूं से दुर्विजय सिंह शाक्य और आंवला से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यक्रम में कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस का गठबंधन है। यह लोग प्रदेश को बाहर बदनाम करते हैं। यह अराजकता फैलाते थे। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाते थे। यह कर्फ्यू के समर्थक हैं। इनके समय गुंडे जगह-जगह बम विस्फोट करते थे, लेकिन हमने कहा कि उप्र में बमबाजी नहीं, हर-हर, बम-बम होगा।



सीएम ने कहा कि बदायूं से दुर्विजय सिंह शाक्य का नाम आते ही सपा के प्रत्याशी भागने लगे। उन्होंने कहा कि हमें भी पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के लिए जुटना है। मोदी जी ने वह कार्य किए, जो असंभव लगते थे। तीन तलाक की प्रथा पर रोक लगी, धारा-370 हटी, राम मंदिर का निर्माण हुआ और रामलला विराजमान हुए। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया की बड़ी ताकत बन सके, इसके लिए उन्हें तीसरा कार्यकाल दीजिए।

सीएम योगी ने कहा कि आपने दस वर्ष में बदलते भारत और सात वर्ष में पीएम मोदी के मार्गदर्शन में बदलते उत्तर प्रदेश को देखा है। 2014 के पहले की स्थितियां भी किसी से छिपी नहीं है। उस दौरान देश में वातावरण भयावह था। परिवारवाद के नाम पर लूट-खसोट की पूरी छूट थी। गरीबों के हकों पर डकैती और उपद्रवियों को प्रश्रय दिया जाता था।

उन्होंने कहा कि एक तरफ हमने दो माह पहले दातागंज में कंप्रेस्ड बायोगैस के प्लांट का उद्घाटन किया और अब गंगा एक्सप्रेसवे भी उद्घाटन की प्रतीक्षा कर रहा है। इसका कार्य युद्ध स्तर पर हो रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे यहां की इकॉनमी की रीढ़ बनने जा रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे लाखों रोजगार व नौकरी लेकर आएगा।

### मुठभेड़ में मारे गए आधा दर्जन नक्सली

**बीजापुर-रायपुर ( आरएनएस )।** जिले में सुरक्षा बल और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 6 नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग में कई घातक और स्वचलित हथियार के साथ ही दैनिक उपयोगी वस्तुएं मिली हैं।

दरअसल सोमवार रात बीजापुर जिले के गंगालूर थाना इलाके में डीआरजी, एसटीएफ कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी। जहां सर्चिंग के दौरान आज सुबह लगभग 6 बजे ग्राम लेंड्रा के जंगल में सुरक्षा बल के जवानों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। घंटो तक चले मुठभेंड़ के बाद नक्सली उल्टे पांव भाग निकले। जिसके बाद सुरक्षा बल के जवानों ने सर्चिंग की तो चार माओवादियों की मौत हो चुकी थी। जिनके पास से आटोमेटिक हथियार 1 एसएमजी, बीजीएल लॉन्चर सहित बड़ी मात्रा में हथियार व गोला बारूद के साथ दैनिक उपयोगी सामान बरामत कर जब्त किया। मुठभेड में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना जवानों ने जताई है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव लोकसभा सीट से दाखिल किया नामांकन

**राजनांदगांव-रायपुर ( विसं )।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को राजनांदगांव लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय में उनके साथ नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत भी मौजूद रहे। नामांकन भरने के बाद पूर्व सीएम और कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने एक बार फिर सवाल उठाते हुए चुनाव आयोग से बैलेट पेपर से वोटिंग कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि, लोगों को ईवीएम पर भरोसा नहीं है. चुनाव आयोग को इसे गंभीरता से लेना चाहिए और बैलेट पेपर से चुनाव कराना चाहिए।



जानाकरी के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कलेक्टर कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल करने के बाद स्टेट स्कूल में आयोजित की गई सभा को सम्बोधित करेंगे। इसके साथ ही वहां रैली का भी आयोजन किया जाएगा जो कि यहां से शीतला मंदिर में समाप्त होगी। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा, ''मैंने आज अपना नामांकन दाखिल कर दिया है. हम आज नामांकन रैली निकालेंगे और उसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे. हम चुनाव गंभीरता से लड़ते हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राहुल गांधी का जिक्र मकरते हुए कहा कि, राहुल गांधी ने सही बात कही है कि मैच फिक्सिंग की गई है. राहुल गांधी ने सही बात कही है कि मैच फिक्सिंग की गई है. जिस तरह से चुनाव आयोग के सदस्य नियुक्त किए गए, दो मुख्यमंत्रियों (हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल) को गिरफ्तार किया गया और जिस तरह से कांग्रेस पार्टी आईटी द्वारा नोटिस दिया गया है, इसलिए मैच फिक्स करने का प्रयास किया गया है।

### बाइक रैली में शामिल होकर रायपुर कलेक्टर ने वोटरों को किया जागरूक

**रायपुर ( विसं )।** रायपुर में वोटर्स को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन ने बाइक रैली का आयोजन किया। आज मंगलवार को कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने भी बुलेट चलाकर मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। लोकसभा चुनाव में 100 प्रतिशत मतदान करवाने स्वीप कार्यक्रम के तहत बाइक रैली का आयोजन किया गया था। इसमें जिला प्रशासन के अधिकारी समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बाइक रैली की शुरुआत कलेक्ट्रेट से हुई। वहां से घड़ी चौक, जयस्तंभ चौक, तात्यापारा चौक, आजाद चौक होते हुए रैली अनुपम गार्डन में समाप्त हुई। यहां कलेक्टर ने सभी लोगों को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान करने की शपथ दिलाई। अनुपम गार्डन में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में युवक-युवतियों ने डांस और नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदाताओं को प्रेरित किया।

# ओडिशा विधानसभा चुनाव : बीजेपी ने जारी की 112 उम्मीदवारों की लिस्ट

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) ने लोकसभा चुनाव के साथ होने वाले ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए आज अपने 112 उम्मीदवारों की सूची जारी की।



पार्टी के महासचिव अरुण सिंह ने आज यहां राज्य विधानसभा की कुल 147 सीटों में से 112 सीटों पर उम्मीदवारों की सूची जारी की। भाजपा ने वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में 23 सीटें जीतीं थीं जिनमें से 20 सीटें इस सूची में शामिल हैं। पार्टी ने तीन सीटों पर अपने नये चेहरे उतारें हैं। वर्ष 2020 में बालासोर से निर्वाचित मदनमोहन दत्ता का निधन हो जाने के बाद उपचुनाव में यहां से बीजू जनता दल ने जीत हासिल की थी। भाजपा ने इस बार यहां से दिवंगत दत्ता के पुत्र मानस कुमार दत्ता को पुनः टिकट दिया है।

इसी प्रकार से धामनगर (सु.) से विष्णुचरण सेठी की जगह सूर्यबंशी सूरज को, ब्रह्मगिरी से ललितेन्दु विद्याधर महापात्र की जगह उपासना महापात्र को तथा मल्कानगिरी (सु.) से नरसिंह मड़कामी की जगह आदित्य माढ़ी को उम्मीदवार घोषित किया गया है।

भाजपा ने अपनी तीन सीटों रायरंगपुर, नीलगिरी एवं बंग्रीपोसी के लिए नाम घोषित नहीं किये हैं जबकि 17 सीटों पर पुराने नामों को ही पुनः मौका दिया गया है। इस सूची में आठ महिलाएं हैं। भाजपा को 35 सीटों के लिए उम्मीदवार तय करना बाकी रह गया है।

### विदेश मंत्री जयशंकर का अरुणाचल को लेकर चीन को करारा जवाब

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों को चीन द्वारा नया नाम देने का भारत ने करारा जवाब दिया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारतीय राज्य था, है और भविष्य में भी रहेगा। सोमवार को सूरत में पत्रकारों से बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि नाम बदलने से कुछ हासिल नहीं होगा। अगर मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो क्या वह मेरा हो जाएगा? उन्होंने कहा कि अगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं तब क्या वह मेरा हो जाएगा क्या? अरुणाचल प्रदेश भारत का राज्य था, है और रहेगा. नाम बदल देने से कुछ नहीं होता है और न ही इससे कोई प्रभाव पड़ता है. आप सब जानते हैं कि हमारी सेना वहां (एलएसी पर) तैनात है. सेना के लोग जानते हैं कि उन्हें वहां क्या करना है। इससे पहले अरुणाचल को लेकर चीन ने एक और विवादित कदम उठाया।

# टिकट कटने से नाराज अजय निषाद बीजेपी छोड़ कांग्रेस में शामिल, भाजपा पर लगाया छल करने का आरोप

### अजय निषाद कांग्रेस की टिकट पर मुजफ्फरपुर सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ सकते हैं

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** लोकसभा चुनाव के दौरान टिकट कटने की नाराजगी के चलते एक पार्टी का दामन छोड़कर दूसरे पार्टी का दामन थामने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में बिहार के मुजफ्फरपुर के सांसद अजय निषाद ने मंगलवार को नई दिल्ली में बीजेपी का दामन छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। अजय निषाद ने मुजफ्फरपुर से टिकट कटने पर बीजेपी पर छल करने का आरोप लगाया है।



दरअसल, अजय निषाद ने पहले ही पार्टी छोड़ने के संकेत दे दिए थे। उन्होंने एक्स हैंडल से अपने नाम के बाद 'मोदी का परिवार' भी हटा दिया था। कांग्रेस में शामिल होने से पहले अजय निषाद ने बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह से मुलाकात की थी। मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पवन खेड़ा ने मजाकिया अंदाज में अजय निषाद को लेकर कहा कि जिस व्यक्ति का जन्म ही दो अक्टूबर को हुआ हो, वो अब तक बीजेपी में क्या कर रहे थे, पता नहीं।

बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने मुजफ्फरपुर से बीजेपी के सांसद रहे अजय निषाद और उनके पिता की उपलब्धि का जिक्र किया। बता दें कि इस बार बीजेपी ने मुजफ्फरपुर से अजय निषाद का टिकट काट दिया। यही वजह है कि वह नाराज चल रहे थे। ऐसे में अब माना जा रहा है कि कांग्रेस के टिकट पर वह मुजफ्फरपुर सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ सकते हैं।

# चुनाव आयोग ने 5 राज्यों के 8 डीएम और 12 एसपी का किया तबादला

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने बड़ा एक्शन लिया है। आयोग ने मंगलवार को पांच राज्यों के 8 डीएम और 12 एसपी का तबादला कर दिया है। जिन पांच राज्यों के लिए चुनाव आयोग ने यह एक्शन लिया है, उनमें असम, बिहार, झारखंड, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के नाम हैं। इस संबंध में चुनाव आयोग की तरफ से नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने बिहार के नवादा और भोजपुर के डीएम और एसपी को हटा दिया है। इसके अलावा असम के उदलगुड़ी के जिलाधिकारी का ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। वहीं, ओडिशा के दो जिलाधिकारियों, पांच पुलिस अधीक्षकों और एक पुलिस महानिरीक्षक समेत आठ अफसरों का तबादला किया गया है।




इसके साथ ही चुनाव आयोग ने झारखंड के देवघर जिले के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग का तबादला कर दिया है। वहीं, रांची (ग्रामीण) एसपी, पलामू के डीआईजी और दुमका के आईजी के खाली पदों को भरने के लिए अफसरों के नाम मांगे हैं। चुनाव आयोग के आदेश के अनुसार, आंध्र प्रदेश में तीन डीईओ और पांच एसपी का तबादला किया गया है। लेकिन, सबसे ज्यादा नाम आंध्र में गुंटूर रेंज के आईजी जी पाला राजू का है।

गुंटूर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के दौरान अव्यवस्था का आरोप जी पाला राजू पर लगा था। इसके बाद भाजपा की तरफ से उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशिक्षण में 500 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों ने लिया शत-प्रतिशत मतदान के लिए संकल्प



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** लोकसभा चुनाव के लिए पलारी विकासखण्ड अंतर्गत मतदान दलो का प्रशिक्षण स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ विद्यालय में दिए जा रहे है। कलेक्टर के.एल. चौहान ने प्रशिक्षण में पहुंचे 560 अधिकारी कर्मचारीयों को एक साथ शत प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प दिलाया।

### छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित विभिन्न प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर ने आगामी जून-जुलाई से शुरू होने वाले कई प्रकार के कोर्स में प्रवेश (एडमिशन) हेतु पोस्ट बेसिक नर्सिंग, बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग, सीजीटीईटी, प्रीएमसीए, पीईटी, पीपीएचटी, पीपीटी आदि के प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। पीईटी, पीपीएचटी, पीपीटी, प्रीएमसीए, सीजीटीईटी और बीएससी नर्सिंग कोर्स में प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 अप्रैल 2024 है। इसी प्रकार पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश, एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के आवेदन के लिए अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2024 है। इसी प्रकार पीएटी, पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा के आवेदन के लिए अंतिम तिथि 14 अप्रैल 2024 है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर की वेबसाइट (व्यापमं डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओव्ही डॉट इन) है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी, काउसलिंग, आवंटन आदि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in और vyapamaar.cgstate.gov.in/ पर प्राप्त की जा सकती है।

**पीईटी, पीपीएचटी, पीपीटी, प्रीएमसीए, सीजीटीईटी, बीएससी नर्सिंग की अंतिम तिथि 7 अप्रैल**

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग की अंतिम तिथि 11 अप्रैल**

**पीएटी, पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि 14 अप्रैल**

## मतदान दलों के प्रशिक्षण का प्रथम चरण हुआ प्रारंभ, कलेक्टर ने प्रशिक्षण का लिया जायजा

**लोकसभा निर्वाचन 2024**

**पहले चरण में 5 हजार 6 सौ से अधिक अधिकारी कर्मचारी होगें शामिल**



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** लोकसभा चुनाव के लिए गठित मतदान दलों के प्रशिक्षण का प्रथम चरण बलौदाबाजार सहित सभी ब्लॉक मुख्यालयों में आज से शुरू हुआ। कलेक्टर श्री के एल चौहान ने आज जिला मुख्यालय स्थित प्रशिक्षण केंद्र सेक्रेड हार्ट हाई स्कूल एवं पलारी स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का निरीक्षण कर जायजा लेते हुए दलों को जरूरी टिप्स दिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन से जुड़ी हर कड़ी महत्वपूर्ण है।प्रशिक्षण में बताए जा रहे हर पहलूओं और बारीकियों को बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ लें। निर्वाचन कार्य के सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रशिक्षण का विशेष महत्व होता है। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई जा रही सभी बातों को ध्यान से सुनते हुए समुचित रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। प्रशिक्षण में उन्होंने लगभग घण्टे तक प्रशिक्षणार्थियों से लिए गए प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली और प्रशिक्षण से संबंधित सवाल भी पूछे। उन्होंने कर्मचारियों के उत्साहवर्धन के लिए कर्मचारियों के साथ ही भोजन किया। प्रशिक्षण में आएं अधिकारी कर्माचारी भी अपने बीच कलेक्टर को पाकर बेहद खुश हुए।

उल्लेखनीय है कि जिले में 5 हजार 6 सौ से ज्यादा प्रशिक्षणार्थियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमे विकासखंड कसडोल के 1542, बलौदाबाजार 1520, पलारी 1060, सिमगा 724 एवं भाटापारा में 835 आधिकारी कर्मचारी शामिल है। उक्त ट्रेनिग आज से प्रारंभ होकर दो दिन तक चलेगा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान सामग्री ईव्हीएम, मतदाता सूची, सीलिंग एवं अन्य सामग्री जैसे कि मतदाता रजिस्टर, मतदाता पंजी, एड्रेस टैग, अमिट स्याही, मॉक पोल आदि के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षणार्थियों को मतदान पूर्व की तैयारियां, ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट को सील करना, मतदान प्रारंभ करना, डाकमत पत्र, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र, निशक्त: मतदाताओं द्वारा मंताकन, अमिट स्याही लगाना, मतदाता के हस्ताक्षर जैसी प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि व्हीव्हीपेट, कंट्रोल एवं ईव्हीएम के सभी तार स्पष्ट रूप से दिखने चाहिए इसमें पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। कहीं से भी छुपा होना नहीं चाहिए। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 के कर्तव्यों के बारे में भी प्रकाश डाला गया।निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर अमित गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री जाटवार, बलौदाबाजार तहसीलदार राजू पटेल, जनपद सीईओ श्री मंडावी, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बढ़ती गर्मी में सावधानी जरूरी वर्ना हो सकती है मौसमी बीमारियां



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** बदलते मौसम के साथ तापमान में भी तेजी से वृद्धि होती जा रही है ऐसे में मौसम सम्बंधी बीमारियों के प्रकोप की आशंका लोगों को रहती है। बेहतर होगा इस बाबत सावधानी बरती जाए जिससे किसी खतरे से बचा जा सके। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के अनुसार इस बढ़ती गर्मी में लू लगना, डायरिया, मलेरिया, डेंगू जैसे रोगों का खतरा बना रहता है। डायरिया दूषित जल अथवा दूषित भोज्य पदार्थ के सेवन से होता है इसके साथ ही साफ-सफाई ना रखना भी एक कारण होता है। इसमें पतला दस्त बहुत अधिक मात्रा में आता है तथा शरीर में पानी की कमी हो जाती है ऐसी स्थिति में तरल पदार्थ का मरीज को सेवन करवाते हुए चिकित्सक से संपर्क करने की जरूरत होती है। इसी प्रकार मलेरिया, डेंगू मच्छर से फैलने वाले रोग हैं जिससे बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग एवं आसपास कोई जल जमाव न होने दें इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी के अनुसार इस मौसम में सबसे बड़ा खतरा लू लगने का है। तेज़ धूप में बिना हाथ पैर और मुँह को ढँके घर से बाहर निकलना लू के खतरे को निमन्त्रित करना होगा। तेज़ बुखार, बदन में जलन, सर दर्द, चक्कर, उल्टी, कमज़ोरी ये कुछ लक्षण हैं जो लू के समय दिखाई पड़ते हैं। बचाव के लिए कम से कम धूप में निकलना और तरल पदार्थों का सेवन उचित होगा। बीमारी की दशा में प्रारंभिक उपचार के रूप में सर पर ठंडी पट्टी देना, भीगे ठंडे कपड़े से शरीर पोंछना, पंखे के नीचे मरीज को रखना एवं ओ आर एस घोल देना चाहिए।साथ मे जल्द से जल्द डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए. एपिडेमियोलॉजिस्ट श्वेता शर्मा के अनुसार बच्चे, गर्भवती महिलाएं, श्रमिक, खिलाड़ी ये लू के जोखिम वर्ग में आते हैं। जिला स्तर पर इस प्रकार की मौसमी बीमारियों के रोकथाम हेतु मितानिनों की दवा पेटी में ओ आर एस के पैकेट रखवाए गए हैं। यह सभी स्वास्थ्य केंद्रों में भी उपलब्ध है। किसी महामारी की दशा में टीम भी बनाई गई है। इस संबंध में किसी आकस्मिक स्थिति में जिला कंट्रोल रूम के नंबर- 7727223532 पर सम्पर्क भी किया जा सकता है।

## विधानसभा चुनाव नतीजों पर महाग्रंथ 'निर्वाचन सार-छत्तीसगढ़' गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी शामिल

**रायपुर, ( आरएनएस )।** इस चुनावी वर्ष में छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जन-जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष जी. आर. राना द्वारा रचित लगभग 602 (छह सौ दो) पृष्ठों का महाग्रंथ एक ऐतिहासिक दस्तावेज़ के रूप में सामने आया है। इस महाग्रंथ में छत्तीसगढ़ के सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के वर्ष 1952 से लेकर वर्ष 2018 तक के यानी 66 वर्षों में हुए चुनावों के रिजल्ट और उससे संबंधित प्रामाणिक आँकड़े और रोचक तथा कई प्रामाणिक तथ्य विस्तारपूर्वक संकलित हैं। इस महाग्रंथ को गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में भी शामिल किया गया है। महाग्रंथ के महत्व को देखते हुए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड ने इस महाग्रंथ को 'श्रेष्ठता का प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट ऑफएक्सीलेंस) भी प्रदान किया है। श्री राना द्वारा अपने व्यक्तिगत प्रयासों से परिश्रम पूर्वक रचित यह महाग्रंथ 'निर्वाचन सार-छत्तीसगढ़' शीर्षक से सर्वप्रिय प्रकाशन दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया है। महाग्रंथ के लेखक श्री राना ने आज यहाँ समाचार एजेंसी राष्ट्रीय न्यूज सर्विस (आर. एन. एस. ) को बताया कि इस विशाल ग्रंथ में आज़ादी के पाँच वर्ष बाद वर्ष 1952 में देश में हुए प्रथम आम चुनाव से लेकर वर्ष 2018 तक हुए विधानसभा चुनावों के सभी आँकड़े शामिल हैं।

## दो हजार से अधिक लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

**बिलासपुर-रायपुर ( विसं )।** शहर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में 2 हजार से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता लिया है। मौके पर डिप्टी सीएम अरुण साव सहित दिग्गज भाजपा नेता मौजूद थे।

बिलासपुर विधानसभा से साढ़े तीन सौ लोगों को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई है। ये सभी लोग कांग्रेस, जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ता है जो बीजेपी में हुए शामिल हुए है। डिप्टी सीएम अरुण साव, मंत्री दयालदास बघेल, विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह ने बीजेपी का गमछा पहना कर सदस्यता दिलाई है। वहीं मीडिया से बात करते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा की कांग्रेस की जहाज डूब गई है। कांग्रेस नेतृत्व विहीन है। वह अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस जीरो में आउट होगी। क्योंकि इस बार छत्तीसगढ़ की जनता भाजपा को अपना पूर्ण आशीर्वाद देने जा रही है।

## परीक्षा देने आ रही दो छात्राओं की सड़क हादसे में मौत

**बाइक के पहिए में फंसा दुपट्टा**

**रायपुर ( आरएनएस )।** खैरागढ़. परीक्षा देने आ रही दो छात्राओं की बढ़ईटोला के पास सड़क हादसे में मौत हो गई. बाइक पर एक युवक सहित तीन युवतियां सवार होकर खैरागढ़ में परीक्षा देने आ रही थी. इस बीच ये दुर्घटना हो गई।

जानकारी के मुताबिक एक युवती का दुपट्टा बाइक के चक्के में फंस गया और बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई. जिससे एक युवती रेशमी की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं दूसरी युवती विक्टोरिया पाल ने अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया। फिलहाल बाइक चालक कैलाश वर्मा और तीसरी युवती लीलावती का इलाज खैरागढ़ सिविल अस्पताल में चल रहा है।

## एक्सिस बैंक ने मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से गिफ्ट सिटी में एनआरआई ग्राहकों के लिए अमेरिकी डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट की डिजिटल ओपनिंग की शुरुआत की

- गिफ्ट सिटी डिपॉजिट्स के लिए डिजिटल यात्रा की पेशकश करने वाला पहला बैंक
- शुरू से आखिर तक पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पेपरलेस
- आकर्षक ब्याज दरें, 7 दिन से लेकर 10 वर्ष तक की विभिन्न अवधि के लिए उपलब्ध

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने आज एक्सिस बैंक आईबीयू- गिफ्ट सिटी में एनआरआई ग्राहकों के लिए डिजिटल यूएस डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट की शुरुआत करने की घोषणा की। इस शुरूआत के साथ, एक्सिस बैंक गिफ्ट सिटी डिपॉजिट के लिए डिजिटल प्रक्रिया की पेशकश करने वाला पहला बैंक बन गया है। एक्सिस बैंक के एनआरआई ग्राहक अब एक्सिस बैंक के मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन 'ओपन बाय एक्सिस बैंक' के माध्यम से गिफ्ट सिटी में अमेरिकी डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट खोल सकते हैं। इस तरह अब एनआरआई ग्राहकों के लिए अमेरिकी डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट बुक करने की प्रक्रिया बहुत सरल हो जाती है। उन्हें शुरू से आखिर तक डिजिटल पेपरलेस की सुविधा मिलती है और उन्हें किसी तरह का कोई डॉक्यूमेंट फिजिकल फॉर्मेट में पेश नहीं करना होगा। किसी भी समय, कहीं से भी निर्बाध रूप से एफडी खाता खोलने के अलावा, ग्राहक अपनी एफडी को डिजिटल रूप से ट्रैक और मैनेज भी कर सकते हैं।

आकर्षक ब्याज दरों के साथ, एक्सिस बैंक एनआरआई को निवेश के बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। यूएस डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट के तहत ग्राहकों को सात दिनों से लेकर दस साल तक की निवेश अवधि की एक व्यापक रेंज भी मिलती है। ग्राहक एक्सिस बैंक मोबाइल एप्लिकेशन से एफडी को आंशिक या पूर्ण रूप से समय से पहले बंद करने का अनुरोध भी कर सकते हैं।

अपनी गिफ्ट सिटी फ्रेंचाइजी को मजबूत करने पर बैंक के फोकस पर प्रकाश डालते हुए एक्सिस बैंक के प्रेसिडेंट और हैड- होलसेल बैंकिंग प्रोडक्ट्स विवेक गुप्ता ने कहा, 'गिफ्ट सिटी में एक अग्रणी बैंक के रूप में एक्सिस बैंक हमेशा सरकार के विजन के साथ खड़ा है। इसी सिलसिले में बैंक कॉर्पोरेट और रिटेल दोनों श्रेणी के ग्लोबल निवेशकों के लिए गिफ्ट सिटी को पसंदीदा फाइनेंशियल सर्विस डेस्टिनेशन के तौर पर विकसित करने के सरकार के विजन को सपोर्ट करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने गिफ्ट सिटी आईएफएससी बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) के डिजिटल एफडी मूल्य प्रस्ताव के साथ रिटेल एनआरआई ग्राहकों को आकर्षित करने के अवसर से उत्साहित हैं। आईबीयू की डिजिटल यूएस डॉलर एफडी एनआरआई ग्राहकों को विभिन्न अवधि और ब्याज दरों के कई विकल्पों में से चुनने में सक्षम बनाएगी और हम उन्हें आईबीयू की समर्पित टीम से मिलने वाली उच्च गुणवत्ता वाली सेवा को लेकर आश्वस्त करना चाहते हैं।'

एक्सिस बैंक के ग्रुप एक्जीक्यूटिव और हेड- एफ्लुएंट बैंकिंग, एनआरआई, कार्ड्स एंड पेमेंट्स अर्जुन चौधरी ने कहा, 'एक्सिस बैंक ओपन बैंकिंग की शक्ति में विश्वास करता है और हम लगातार डिजिटल-फर्स्ट ऐसे प्रोडक्ट्स में निवेश कर रहे हैं, जो ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकें। इस प्रयास में हम अपने एनआरआई ग्राहकों के लिए गिफ्ट सिटी में डिजिटल यूएस डॉलर एफडी पेश करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं, जो अब हमारे साथ एक सहज बैंकिंग अनुभव का लाभ उठा सकते हैं। यह प्रस्ताव फिजिकल डॉक्यूमेंट्स की आवश्यकता को समाप्त करके हमारे ग्राहकों को सुविधा प्रदान करता है। साथ ही ग्राहकों को आकर्षक ब्याज दर और विभिन्न अवधि के विकल्पों के साथ निवेश का एक सुरक्षित अवसर भी मिलता है।'

## शब्दाक्षर का भव्य कार्यक्रम वृंदावन सभागार में सम्पन्न



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कोलकाता मुख्यालय स्थित राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था की छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई के तत्वाधान में कल रविवार 31 मार्च को अर्थ मंत्री नीलिमा मिश्रा जी के काव्यसंग्रह के लोकार्पण एवं काव्यसंध्या का रायपुर के वृंदावन सभागार में भव्य आयोजन किया गया। अक्षर वह छोटी ध्वनि हैं जिसके और टुकड़े न किए जा सकें और सार्थक अक्षर समूह शब्द कहलाता है जिसके कारण साहित्य है... ये वक्तव्य था अंचल के सुप्रसिद्ध साहित्यकार, छंद विशेषज्ञ, भाषाविद डॉ चितरंजन कर जी का जो लोकार्पण विभूति की भूमिका में मंचासीन रहे।

मुख्य अतिथि साहित्यकार व्यंगकार, शायर आदरणीय के पी सक्सेना जी एवं विशिष्ट अतिथि के पद की गरिमा बढ़ाई छत्तीसगढ़ के जाने पहचाने साहित्यकार, प्रकाशक डा सुधीर शर्मा जी ने। कार्यक्रम की अध्यक्षता की साहित्य के मर्मज्ञ सच्चिदानंद मिश्र जी ने जिन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन के दौरान विस्तार से पुस्तक पर अपनी बात रखी। मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात कवयित्री शकुंतला तरार द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना का गायन मां शारदे के आव्हान के साथ सभागार को संगीतमय कर गया। स्वागत उद्बोधन शब्दाक्षर की प्रदेश अध्यक्ष नीता श्रीवास्तव द्वारा किया गया। शब्दाक्षर संस्था की स्थापना से लेकर 25 राज्यों तक ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले संस्थापक अध्यक्ष रविप्रताप द्वारा स्थापित शब्दाक्षर से परिचित कराया साहित्य मंत्री मधु सक्सेना जी ने। तत्पश्चात शुरू हुई पुस्तक समीक्षा एवं काव्य गोष्ठी जिसमे शहर के स्थापित और चर्चित कवि -कवयित्रियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और देर शाम तक काव्य गंगा प्रवाहित होती रही। मुख्य अतिथि, के पी सक्सेना जी ने, वि.अतिथि सुधीर शर्मा जी एवम लोकार्पण विभूति बेंच पर कविता पर अपने विचार व्यक्त किए। शब्दाक्षर की प्रचार मंत्री मीना शर्मा जी ने अपने बेहतरीन संचालन द्वारा कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान की। अंत में उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव जी द्वारा आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम में दिलीप बरवंडकर, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, कुमार जगदलवी, शकुंतला तरार, चंद्रकांता अग्रवाल, गोपाल शुक्ला, सुरेन्द्र रावल,सुरेश तिवारी, सुनीता वर्मा, विनय वर्मा, मीता अग्रवाल, वृंदा पंचभाई, रत्ना पांडे, लतिका भावे, माधुरी कर, सहित, पूनम मिश्रा, सोनी जी, शोभा, मोहन श्रीवास्तव, प्रतिभू बनर्जी एवं शहर के गुणीजन ने शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई!


## फर्म विघटन सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि फर्म **M/S SAI BRICS AND PEVAR,** मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.) पंजीयन क्रमांक 10/09-10 पंजीयन दिनांक 13/04/2009 के गठन उपरांत फर्म के निम्न नामों का विघटन किया गया है, जिनमें **श्री लव कुमार श्रीवास्तव, श्री कुश कुमार श्रीवास्तव एवं प्रमोद कुमार श्रीवास्तव** सभी पिता/निवासी- **श्री शरद कुमार श्रीवास्तव,** पता-श्याम नगर, इंदिरा नगर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) शामिल है।

अतएव सूचना जानें।

**M/S SAI BRICS AND PEVAR**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

### आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **कोहका तिल्दा,** जिला-रायपुर में स्थित भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-105, श्री दिनेश कुमार वर्मा पिता स्व. श्री परमानंद वर्मा एवं श्रीमती चंद्रकला वर्मा पति श्री दिनेश कुमार वर्मा,** के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की सेलडीड/लीजडीड दिनांक 01.03.2019 पंजीकृत कराने उपरान्त भवन की पूर्ण राशि जमाकर दिनांक 26.03.2019 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी **श्री दिनेश कुमार वर्मा पिता स्व. श्री परमानंद वर्मा एवं श्रीमती चंद्रकला वर्मा पति श्री निदेश कुमार वर्मा,** निवासी- ग्राम-कोदवा, पोस्ट ससहा तहसील पलारी, जिला- बलौदाबाजार (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को **श्रीमती ऋतु वर्मा पति श्री रमेश कुमार वर्मा एवं श्री रमेश कुमार वर्मा पिता श्री लखन लाल उच्चहरा,** निवासी- मकान नं.-93, वार्ड नं.-18, जोता मार्ग खुबचंद बघेल चौक शिक्षक कॉलोनी तिल्दा, पोस्ट व तह. तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिए इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र ( NOC ) की मांग की है।

अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /9034/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 06-02-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 9034**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802J00407** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MANISH MISHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **R.C. MISHRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAHUL YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **J.P. YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./9872/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 26-03-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 9872**
**वार्ड का नाम-11- कालीमाता वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 11 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR330D00289** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RADHA BAI SATNAMI** पिता/पति श्री/श्रीमती **RAMESH SATNAMI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MAHESH DAS** पिता/पति श्री/श्रीमती **MASI CHARAN DAS** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा एवं शपथ पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./10111/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 26-03-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10111**
**वार्ड का नाम- 34 - लालबहादुर शास्त्री वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 34 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR333A00531** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AJAY KUMAR RAIKWAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE MUNNI LAL RAIKWAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **HAIDAR ALI** पिता/पति श्री/श्रीमती **RIYAJUDDIN KHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./10114/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 26-03-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10114**
**वार्ड का नाम-10 - रानी लक्ष्मी बाई वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-10 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227N00121** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **LALARAM VERMA** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE SHATRUGHAN PRASAD VERMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KUSUM BAI VERMA** पिता/पति श्री/श्रीमती **LALA RAM VERMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र एवं सहमति पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./10135/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 26-03-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10135**
**वार्ड का नाम-34 - लाल बहादुर शास्त्री वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-34 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR333A00671** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MUMTAZ BEGUM** पिता/पति श्री/श्रीमती **SHEIKH YUSUF** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. शेख रियाज 2. शेख एजाज 3. शेख अख्तर 4. शेख शहनाज 5. शेख शहजहां 6. शेख महजबी यास्मीन** पिता/पति श्री/श्रीमती **स्व. शेख युसूफ** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./10156/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 26-03-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10156**
**वार्ड का नाम- 11 - कालीमाता वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 11 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR330E00171** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MRS. RAJESHWARI THAKUR** पिता/पति श्री/श्रीमती **RAJENDRA THAKUR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **K.B. SRINIVAS RAO** पिता/पति श्री/श्रीमती **K. ANANT RAO** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./10222/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 26-03-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10222**
**वार्ड का नाम- 10 - रानी लक्ष्मी बाई वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-10 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227D00051** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DUJRAM MAHILANGE** पिता/पति श्री/श्रीमती **DUVA RAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ABHAY RAJ MAHILANGE** पिता/पति श्री/श्रीमती **DUJ RAM MAHILANGE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सहमति पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

# बांगो के समूह जल प्रदाय योजना बंद, फ्लोराइडयुक्त पानी पीने से ग्रामीणों में हो रही बीमारियां

## लंबे समय बाद काम पूरा होने के बाद भी लोगों योजना से राहत नहीं मिल रही



**कोरबा(विश्व परिवार)।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के फ्लोराइड प्रभावित गांवों की समस्या कभी खत्म न होने वाली दुविधा बन कर रह गई है। प्रभावित गांवों तक पानी पहुंचाने के लिए समूह जल प्रदाय की टंकी व फिल्टर प्लांट कांपानवारा में बनने के बाद लग रहा था कि पानी की आपूर्ति कभी बंद नहीं होगी। गर्मी से पहले सभी गांव तक पानी पहुंचाने के लिए पीएचई ने जल प्रदाय परीक्षण के साथ शुरू किया। जिला खनिज न्यास के 32.87 करोड़ की लागत से तैयार योजना अभी से दम तोड़ने लगा है। मातिन खास, भुजंगकछार, सखोदा सहित कई गांव में तकनीकी खराबी के कारण जल प्रदाय ठप हो गया है। जल आपूर्ति बंद होने से प्रभावित गांव के ग्रामीण पुराने जल स्त्रोतों से गुजर बसर कर रहे हैं। समूह जल बंद होने से और अधिक फ्लोराइडयुक्त पानी पीने से टेढ़ी-मेढ़ी हो रही हड्डियों की बीमारी से जूझ रहे ग्रामीणों को मुक्ति दिलाने के दावों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों तक शुद्ध पेयजल प्रदान करने के लिए बांगो बांध से जिले का पहला समूह जल प्रदाय योजना शुरू की गई है। बताना होगा कि योजना का उद्देश्य पोड़ी-उपरोड़ा ब्लाक के 23 गांव के 38 हजार से भी अधिक फ्लोराइड प्रभावितों के शुद्ध पेयजल दिया जाना है। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से छह साल पहले पहल की गई थी। लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए जिला खनिज न्यास मद से बांगो बांध का पानी गांवों तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। मार्च 2017 में चोटिया समूह जल प्रदाय नाम से योजना को स्वीकृति दी गई। प्राक्कलन के अनुसार दो एमएलडी क्षमता वाली जल शुद्धिकरण संयंत्र के अलावा 110 किलोलीटर के वाटर टंकी के लिए विस्तार पाइप स्वीकृत किया गया। लंबे समय बाद काम पूरा होने के बाद भी लोगों योजना से राहत नहीं मिल रही।

## एमसीएमसी की पेड व फेक न्यूज पर कड़ी नजर

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में स्थापित मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी की विभिन्न इकाई के द्वारा लगातार पेड व फेक न्यूज पर कड़ी नजर रखी जा रही है। गठित समिति के अंतर्गत प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल व एफएम रेडियो इकाई कार्य कर रही है। जिनके माध्यम से पेड व फेक न्यूज पर प्रति दिन 24/7 मॉनिटरिंग की जा रही है। जिसमें प्रत्येक इकाई के प्रभारी अधिकारी व उनके सहायक दिए गए दायित्वों का पालन कर रहें है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास ने एमसीएमसी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मीडिया सर्वव्यापी है, निर्वाचन के समय इसका सदुपयोग हो यह आवश्यक है। चुनाव के दौरान प्रत्याशी या कोई अन्य इसका दुरुपयोग न कर सकें इसके लिए जिले में एमसीएमसी स्थापित की गई है। जिसके माध्यम से पेड व फेक न्यूज के साथ साथ चुनाव प्रक्रिया के दौरान मीडिया उल्लंघन (आदर्श आचार संहिता व निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों का उल्लंघन) के मामले की निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही समिति के द्वारा राजनीतिक प्रकृति के विज्ञापनो का पूर्व प्रमाणन भी किया जाना है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चुनाव प्रबंधन में मीडिया की भूमिका बहुत अहम होती है।

# स्कूटी में घुसा साप: डर ऐसा की स्कूटी का पुर्जा पुर्जा खुलवाया, जितेंद्र सारथी ने किया रेस्क्यु



**कोरबा(विश्व परिवार)।** बालको क्षेत्र में स्कूटी में साप घुसने का मामला सामने आया हैं घटना रविवार के शाम को चेकपोस्ट बस्ती के मेन रोड में खड़े एक व्यक्ती के स्कूटी में बड़ी तेजी से देखते ही देखते एक साप घूस गया, लोग समझ पाते उससे पहले ही साप स्कूटी के अन्दर घुस गया जिसके बाद स्कूटी मालिक ने दूरी बना लिया, स्कूटी में साप घुसने की भनक आस पास खड़े लोगों को हुई तो देखते ही देखते पूरा रोड जाम हो गया, कुछ लोगों ने स्कूटी को हिला कर साप को निकालने का प्रयास किया पर साप कही दुबग के बैठ गया था आखिरकार थक हार के लोगों ने इसकी जानकारी वाइल्डलाइफरेस्क्यू टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को दिया फिर थोड़ी देर बाद घटना स्थल पहुंच कर मोर्चे को संभाला। फिर गाड़ी मालिक ने एक एक कर गाडी का पुर्जा पुर्जा खुलवाया फिर भी साप का कोई अता पता नहीं चल रहा था ,साप को देखने के लिए वहा लोगों की भीड़ इस कदर इकट्ठा हो गईं की रोड तक जाम हो गया आखिरकार एक घण्टे की मेहनत के बाद एक किनारे साप बैठा नजर आया फिर धीरे धीरे उसको बाहर निकाला गया जिस पर जितेंद्र सारथी ने बताया यह धमना साप हैं जो जहरीला नहीं होता पर लोग अक्सर धोखा खा जाते हैं साथ ही पहचान नहीं पाते, फिर साप को डिब्बे में बंद किया गया तब जाकर लोगों ने राहत भरी सास लिया फिर साप को पास ही जंगल में छोड़ दिया गया। जितेंद्र सारथी ने आम जनों से अपिल करते हुए कहा कि इस समय थोड़ी सावधानी रखें, साप गर्मी से बचने के लिए अकसर छाव की तलाश में स्कूटी के अन्दर घुस कर बैठ जाते हैं।

# एक ही परिवार की तीन लापता महिलाएं मिली रायपुर में

**कोरबा(विश्व परिवार)।** शहर के सीतामढ़ी क्षेत्र से लापता हुई तीन महिलाओं को पुलिस ने आखिरकार मोबाइल लोकेशन के आधार पर ढूंढ निकाला। पारिवारिक कलह की वजह से परेशान होकर लापता हुई महिलाएं घर छोड़ कर चली गई थी। स्वजनों ने 20 हजार रूपये का इनाम भी रखा था। मोती सागर पारा इलाके में रहने वाले सारथी परिवार के यहां से तीन महिलाएं लगभग 15 दिन पहले बाजार जाने के नाम पर घर से निकली और फिर वापस नहीं लौटी। छह माह के बच्चे को छोड़कर चले जाने से यह मामला तूल पकड़ लिया था। वहीं स्वजनों ने दो लाख नगदी समेत पांच लाख के सोने जेवरात भी महिलाओं के ले जाने की जानकारी पुलिस को दी थी। एकाएक तीन महिला के लापता होने से कोतवाली पुलिस भी चिंतित हो पतासाजी में जुटी थी। पुलिस ने बताया कि घर की मुखिया ताराबाई सारथी और सरोजिनी ने उन्हें बताया था कि लापता महिलाएं अपने साथ जेवरात और नगदी रकम भी ले गई हैं। सारथी परिवार ने उनके बारे में सूचना देने वाले व्यक्ति को 20 हजार का इनाम देने की घोषणा भी की थी। शिकायत के बाद पुलिस अपनी जांच कर रही थी। कोतवाली थाना प्रभारी एमबी पटेल ने बताया कि मोबाइल लोकेशन के आधार पर इन तीनों महिलाओं को रायपुर से ढूंढा गया है। इनमें से एक परिवार की बहू उसकी ननद और एक फ्रेंड है।

# नौ से प्रारंभ होगी नवरात्रि, माता के दरबार में उमड़ेगी भक्तों की भीड़

**जांजगीर(विश्व परिवार)।** 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्र की शुरूआत होने वाली है और माता के देवालयों में फिर भक्तों की भीड़ उमड़ने लगेगी। जांजगीर में स्थित मां मनका दाई मंदिर है जहां माता और भक्तों के बीच संवाद का अनोखा तरीका है। यहां भक्त माता से अपनी सीधी बात कहते हैं। माता भी भक्तों की फरियाद सुनती हैं और उनकी मनोकमाना पूरी करती है। बात अजीब है, पर सत्य है। दरअसल, जांजगीर चांपा जिले के खोखरा में विराजित मां मनका दाई मंदिर के दिवालों पर हजारों की संख्या में भक्त अपनी बात व मनोकामना लिखकर माता से सीधे बात करते हैं। माता भी उनकी फरियाद को पूरी करती है, यही वजह है कि अब दिनों दिन दीवारों पर संदेशों की संख्या बढ़ती जा रही है। कोई भी, कैसी भी अर्जी हो भक्त इस मंदिर में आकर दीवारों पर लिखते हैं जो कि उनके मनोकामना बताने का तरीका भी अनोखा है। भक्तगण मुख्य मंदिर के दीवार पर अपनी प्रार्थना लिखते हैं। इसे माता और भक्तों के संवाद का तरीका मान सकते हैं। शायद भक्तों को लगता है कि ऐसे दीवार में अपनी बात लिखने से मां मनका दाई तक वह बात पहुंचती है और पूर्ण फलिभूत होती है। भक?तों की कई समस्या, मांग और कामना होती है, वह मंदिर में माता के पास अपना दुखड़ा लेकर आते हैं। पूजा उपासना चड़ावे के साथ ही वे मां मनका से सीधे बात करना चाहते हैं।

# लोकसभा चुनाव में सरोज पांडेय की विशाल जीत के लिए ईसाई धर्म अनुयाइयों ने की विशेष आराधना



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ सुश्री सरोज पांडेय ईस्टर पर्व पर रविवार 31 मार्च को कोरबा के प्रमुख चर्चों की आराधना सभा में सम्मिलित हुई. ईसाई समुदाय के लोगों को सुश्री पांडे ने ईस्टर पर्व की बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। ईसाई धर्म के पासबानों के द्वारा बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडे का फूल मालाओं से विशेष स्वागत किया गया. तत्पश्चात लोकसभा चुनाव में सरोज पांडे की जीत के लिए सभी चर्च में प्रभु ईशु से विशेष प्रार्थना करते हुए आशीष प्रदान किया गया.सुश्री पांडे ने इस मौके पर सभी ईसा मसीह के अनुयाइयों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस प्रार्थना सभा में संदीप मसीह, प्रवीण मसीह, शिमोन फ्रांसिस डीलन प्रदीप, अटल बाय, पूर्व उपाध्याय सुमार, पास्टर विवेक, पास्टर पवित्र दीप, मोरिस झिलकर सूयस बाघ, सुदीप बाघ, रबि पी सिंग, परेश दास, विपुल गाडिया, मुकेश कुमार, पास्टर झीम चंद्रा, एन.ए. हिल, बारिश गाटलिब, अहुल बेन, विनित दास, अरुणयन्का अमित कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित थे। जिन चर्चा में विशेष आराधना की गई उनमें मुख्य रूप से नाझरत, मनोनाईट चर्च पोड़ीबहार. मेनोनाईट चर्च एसईसीएल कोरबा मेनोनाईट चर्च कोरबा पिटीलेस्ट्रत चर्च मानिकपुर कोरबा आदि थे।

# सर्वहारा वर्ग के विकास की चिंता करती है कांग्रेस : ज्योत्सना महंत

### संसदीय क्षेत्र में सघन जनसंपर्क जारी



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत के द्वारा संसदीय क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क व दौरा की कड़ी में धनरास, लोतलोता, सिरकी छुरीखुर्द, रिसदी में पहुंचकर वे जनता से रूबरू हुई। सांसद ने लोगों से कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने सर्वहारा वर्ग के विकास के लिये हमेशा से काम किया है। जातिगत भेदभाव की राजनीति कांग्रेस नहीं करती और न ही गरीबों में भेद करती है बल्कि गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए कांग्रेस काम करती आई है। सांसद ने कहा कि कांग्रेस की सरकार भरोसेमंद सरकार है। हमने संकल्प लिया है कि केंद्र में सरकार बनने पर महिलाओं, युवाओं, किसानों सहित अन्य सभी वर्ग के लोगों के लिये पांच प्रमुख योजनाओं पर काम करेंगे। नारी न्याय योजना के अंतर्गत प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को 8333 रुपए हर महीने देने का संकल्प हम पूरा करेंगे। किसानों के लिए एमएसपी लागू किया जाएगा, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे साथ ही महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। ज्योत्सना महंत ने कहा कि इन संकल्पों की पूर्ति का मार्ग जनता के हाथ में है और कांग्रेस की प्रचंड मतों से सरकार बनाकर लाएंगे, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। मितानिनों, आंगनबाड़ी कर्मियों का बढ़ायेंगे मानदेय सांसद ज्योत्सना महंत ने इस बात का विश्वास दिलाया है कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही मैदानी स्तर पर महत्वपूर्ण कार्य करने वाली मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं, रसोईया का मानदेय बढ़ाया जाएगा। महिलाओं एवं बच्चों के विकास में योगदान देने वाली आंगनबाड़ी कर्मियों के नियमितीकरण की दिशा में भी कांग्रेस की सरकार काम करेगी, इसका मैं विश्वास दिलाती हूं।

## दर्री टीआई अविनाश कंवर एसपी कार्यालय अटैच

**कोरबा(विश्व परिवार)।** प्रशिक्षु डीएसपी व दर्री टीआई अविनाश कंवर को एसपी ने एसपी कार्यालय अटैच कर दिया है। एसपी की तत्काल कार्यवाही के बाद महकमे में खलबली मच गई है। बता दे कि यह एक्शन सोशल मीडिया में चल रहे वीडियो जिसमें एक व्यक्ति को थाना प्रभारी दर्री के द्वारा मारपीट किए जाने की कथित घटना प्रसारित हो रही है देखकर लिया गया हैं। इस मामले की जांच एएसपी उदयभान सिंह चैहान केरेंगे। बता दें कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए दोषी टीआई को तत्काल प्रभाव से दर्री थाने से हटा दिया है और एसपी ऑफिस से अटैच कर दिया है। मामले की जांच एएसपी उदयभान सिंह चैहान केरेंगे। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदय भान सिंह चैहान ने कहा कि दर्री थाना में पदस्थ प्रशिक्षु डीएसपी अविनाश कंवर को एसपी कार्यालय अटैच किया गया है। मारपीट के मामले की जांच के लिए मुझे निर्देशित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**जशपुर(विश्व परिवार)।** लवाकेरा ओडिशा स्टेट हाइवे पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जिसमें एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई और दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। यह मामला तपकरा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार सुबह एक बाइक पर तीन युवक सवार होकर लवाकेरा ओडिशा स्टेट हाइवे पर जा रहे थे तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल है। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

### तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो डिवाइडर से टकराई

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बीती रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। घटना में कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार दो लोगों को मामूली चोटें लगी। घटना सीएसईबी चैकी क्षेत्र अंतर्गत महाराणा प्रताप चैक से घंटाघर के मध्य स्थित कोरबा कंप्यूटर कालेज के पास हुई। बताया जा रहा है कि दुर्ग आरटीओ पासिंग इस कार की रफ्तार काफी तेज थी और उसमें शराब के नशे में दो युवक सवार थे। दूसरी वाहन को ओवरटेक करने के दौरान यह घटना हुई। घटना के बाद स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। इससे जाम की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर लगे जाम को हटवाया गया और आगे की जांच पड़ताल में जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के साथ ही एयरबैग खुल गया। इससे कार में सवार लोगों को मामूली चोंटे लगी।

### दर्री थाना प्रभारी पर युवक ने लगाया बेदम पिटाई का आरोप

**कोरबा(विश्व परिवार)।** दर्री थाना प्रभारी पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। महिला संबंधी अपराध के मामले में दर्री पुलिस को एक आरोपित नहीं मिला तो उसके भाई को ही पकड़कर ले आये और कमरे में बंद कर जमकर पिटाई कर दी। आरोप लगाने वाले इस युवक का वीडियो वायरल हो रहा है। एरिगेशन कालोनी निवासी पीड़ित बबलू ने बताया कि थाना प्रभारी अविनाश कंवर ने भाई के न मिलने पर प्रभारी व पुलिस कर्मियों ने उसकी पिटाई की है। पीड़ित के पीठ व कमर के नीचे गंभीर चोट दिख रहे हैं। पीड़ित के भाई के नाम से एक महिला ने शिकायत की थी। शराब पीकर पीड़ित का भाई गाली गलौज कर रहा था। पीड़ित ने आरोपी का घर तक दिखाने में पुलिस को सहयोग किया था। जिले में दो दिन पहले ही बिलासपुर रेंज के आइजी डा.संजीव शुक्ला ने पुलिस अधिकारियों को ऐसा काम करने के लिए प्रेरित किया जिससे कि जनता पर पुलिस का विश्वास बढ़े। दूसरी तरफइसके ठीक विपरीत दर्री थाना के प्रभारी प्रशिक्षु अधिकारी अविनाश कंवर ने एक बेकसूर युवक पर अपना गुस्सा इस कदर उतारा कि उसे घातक चोटें आई हैं।

### हाथियों के दल ने ग्रामीण क्षेत्रों में रौंदी फसल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में पड़ोसी धरमजयगढ़ वनमंडल से अचानक पहुंचे हाथियों ने बीती रात रेंज के गीतकुंवारी व श्यांग नामक गांव में 9 ग्रामीणों की धान की फसल को रौंद दिया। जिससे संबंधितों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। जानकारी के अनुसार तीन हाथियों ने बीती रात कुदमुरा वन परिक्षेत्र की सीमा में प्रवेश किया और दो अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर उत्पात मचाते हुए 9 ग्रामीणों के खेतों में लहलहा रहे धान की रबी फसल को रौंद दिया। जानकारी के अनुसार गीतकुंवारी में पहुंचकर एक हाथी ने चार ग्रामीणों की फसल को नुकसान पहुंचाया वहीं श्यांग में पहुंचे दो हाथियों ने पांच ग्रामीणों की फसल को क्षतिग्रस्त कर दिया है। पीडित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी आज सुबह मौके पर पहुंचे और नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की। वहीं आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि क्षेत्र में एक बार फिर हाथियों की दस्तक हो गई है अतरू वे इनसे दूरी बनाए रखें। उधर कटघोरा वनमंडल अंतर्गत केंदई रेंज के कापानवापारा व जातामाटी गांव में 31 हाथियों को दल अभी भी मौजूद है। हाथियों के इस दल ने अभी कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी वन विभाग सतर्कता बरतते हुए हाथियों की लगातार निगरानी में जुटा हुआ है।



# संपादकीय

## गलत सूचनाओं पर रोक

सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को उस अधिसूचना पर रोक लगा दी जिसके तहत पत्र सूचना ब्यूरो के अधीन एक फैक्ट चेकिंग यूनिट (तथ्यों की जांच करने वाली इकाई) की स्थापना की जानी थी। न्यायालय ने कहा कि इस पर तब तक रोक रहेगी जब तक बंबई उच्च न्यायालय सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में संशोधनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं सुना देता। इस बीच गूगल और मेटा जैसी डिजिटल क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां चुनाव के दौरान गलत सूचनाओं के प्रसार का मुकाबला करने के लिए अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही हैं। वे जांच के लिए नए टूल विकसित करने और तथ्यों की जांच करने वालों (फैक्ट चेकर) को प्रशिक्षण देने के अलावा दोनों अन्य संस्थानों द्वारा संचालित तथ्यों की जांच संबंधी पहलों में भी शामिल होंगी और भारत निर्वाचन आयोग के साथ तालमेल में काम करेंगी। 2019 में सभी बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्मों ने अपने-अपने स्तर पर गलत सूचनाओं को रोकने का प्रयास किया था और उसके मिलेजुले नतीजे सामने आए थे। 2024 में यह अभियान अधिक तालमेल के साथ चलाया जा रहा है। 40 से अधिक बड़े बहुराष्ट्रीय संस्थानों ने म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और इस बात पर सहमति जताई कि वे 2024 में वैश्विक स्तर पर मिलकर चुनावों से संबंधित गलत जानकारियों का मुकाबला करेंगे। जोखिम बहुत बढ़ गया है क्योंकि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस अब राजनेताओं से जुड़ी वास्तविक प्रतीत होने वाली दृश्य-श्रव्य सामग्री बना सकता है। इन डिजिटल दिग्गजों को विभिन्न समाचार माध्यमों के साथ तालमेल में काम करना होगा ताकि भ्रामक सूचनाओं को रोका जा सके, मतदाताओं से हस्तक्षेप सीमित हो सके और विभिन्न प्लेटफॉर्म पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। यह महत्त्वपूर्ण है क्योंकि मेटा के पास फेसबुक, व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम का मालिकाना है जबकि गूगल के पास यूट्यूब और अपना सर्च इंजन है। इससे जुड़ी रणनीतियों में स्वतंत्र फैक्ट चेकर और स्थानीय सामग्री रचनाकारों और प्रकाशकों के साथ जुड़ाव, तथ्यों की जांच, जांच के संसाधन और गलत सूचनाओं को लेकर चेतावनी जारी करने के लिए सहयोगी मंच प्रदान करना शामिल है। इरादा ऐसी सामग्री को वायरल होने से रोकना है। मेटा पहले ही गलत सूचनाओं को हटा देता है। इसमें मतदान को प्रभावित करने वाली तथा हिंसा को बढ़ावा देने वाली सामग्री शामिल है। उसका दावा है कि उसके पास 15 भारतीय भाषाओं में स्वतंत्र तथ्य जांचने वालों का नेटवर्क है। उसके पास व्हाट्सऐप हेल्पलाइन है जो संदिग्ध जानकारियों को रिपोर्ट करने या उनकी पुष्टि करने में मदद करता है। गूगल प्रकाशकों के लिए एक साझा भंडार तैयार करेगा ताकि गलत सूचनाओं से निपटा जा सके। कई भाषाओं और स्वरूपों में, जिनमें वीडियो भी शामिल हैं, फैक्ट चेक को साझा किया जाएगा

# तीर्थंकर ऋषभदेव का अवदान अविस्मरणीय

-डॉ सुनील जैन संचय



अनादि अनिधन शाश्वत जैन धर्म के वर्तमान प्रवर्तक श्री ऋषभदेव भगवान का जन्म आज से करोड़ों - करोड़ों वर्ष पूर्व चैत्र कृष्ण नवमी को शाश्वत धर्म नगरी अयोध्या में हुआ था । वहीं माघ कृष्ण चतुर्दशी को इनका निर्वाण कैलाश पर्वत पर हुआ।


चैत वदी नौमी दिना, जन्म्या श्री भगवान !

सुरपति उत्सव अति करा, मैं पूजौ धरि ध्यान !!

उनके पिता महाराजा नाभिराय तथा माता मरुदेवी थी । महाराजा नाभिराय अंतिम कुलकर माने जातें हैं।

प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव भगवान को आदिनाथ, वृषभदेव आदि नामों से भी जाना जाता है । भगवान आदिनाथ को युग के निर्माता के रूप में जाना जाता है इससे पहले मनुष्य कोई भी कार्य अर्थात पढ़ना, लिखना ,खेती व्यापार आदि जाने नहीं जानते। उस समय तक मनुष्य की सभी इच्छाएं कल्पवृक्ष से पूरी हो जाती थी लेकिन धीरे- धीरे कल्पवृक्ष का प्रभाव घटते गया। भगवान ऋषभदेव ने संपूर्ण विश्व को जीवन जीने की कला सिखाई। उन्होंने असि - मसि - कृषि - शिल्प - कला - वाणिज्य आदि षट्कर्मों का उपदेश दिया । आदिनाथ ने मनुष्य को अपना जीवन जीने के लिए 6 कार्य असि -रक्षा करने के लिए अर्थात सैनिक कर्म , मसि - लिखने का कार्य अर्थात लेखन, कृषि - खेती करना एवं अन्न उगाना, विद्या- ज्ञान प्राप्त करने से संबंधित कार्य, वाणिज्य- व्यापार से संबंधित कार्य एवं शिल्प मूर्तियों, नक्काशी एवं भवन का निर्माण करना सिखाया। भगवान आदिनाथ में लोगों को सुनियोजित तरीके से भवन का निर्माण करना, नगर बसाना, खेती करना, अन्ना उगाना, भोजन करना शिक्षा प्राप्त करना और उससे समाज में नियमों की स्थापना करना , व्यापार करना,पैसे कमाना ,अपने परिवार एवं देश की रक्षा करना का उपदेश देने के साथ-साथ संयम का भी पाठ सिखाया। भगवान आदिनाथ ने राज -पाठ के सुख एवं धन वैभव को त्याग कर वन की ओर गमन किया एवं मोक्ष की प्राप्ति की लेकिन हम अपना सारा जीवन सुख एवं धन के संग्रह में लगे हुए हैं ।

उनके ज्येष्ठ पुत्र भरत के नाम से ही इस आर्यावर्त का नाम । भगवान ऋषभदेव जी की दो पत्नी नंदा और सुनंदा से एक सौ पुत्र और दो पुत्री थी । उनके दूसरे पुत्र बाहुबली स्वामी का तपोयोग जगत



श्री 1008 आदिनाथ भगवान, ज्ञान तीर्थ मुरैना

विख्यात है, वे एक वर्ष तक अडिग - अचल ध्यान मुद्रा में खड़े रहे, जिसकी प्रतिकृति कर्नाटक के श्रवणबेलगोल में आज भी उनकी यशोगाथा का गुणगान कर रही है । भगवान ऋषभदेव ने ही सर्वप्रथम अपनी दोनों पुत्री ब्राह्मी और सुंदरी को अक्षर लिपि और अंक गणित का ज्ञान दिया, जो कालांतर में ब्राह्मीलिपि के रूप में जगत विख्यात हुई । ऋषभदेव प्रागैतिहासिक काल के महापुरुष हैं, जिन्हें इतिहास काल की सीमाओं में नहीं बांध पाता। किंतु वे आज भी संपूर्ण भारतीयता की स्मृति में पूर्णतः सुरक्षित हैं।ऋग्वेद आदि प्राचीन वैदिक साहित्य में भी इनका आदर के साथ संस्तवन किया गया है।

भगवान् ऋषभदेव अपने लोकव्यापी प्रभाव और उपदेशों के कारण भारतीय जनमानस के हृदय में सदैव श्रद्धास्पद रहेंगे । आज के भोगप्रधान वातावरण में भगवान् ऋषभदेव की योगप्रधान शिक्षाएं मानवजाति के कल्याण के लिए अत्यधिक प्रासंगिक हैं ।

प्रतिवर्ष ऋषभदेव जन्म कल्याणक जैन समुदाय में हर्ष, उल्लास के साथ श्रद्धा पूर्वक मनाया जाता है। मंदिरों में इस दिन तीर्थंकर ऋषभदेव विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक-शांतिधारा की जाती है, शोभयात्रा निकाली जाती है, प्रवचन, व्याख्यान, संगोष्ठी होती है। महाआरती और सांस्कृतिक आयोजन किए जाते हैं। मंदिरों को सजाया जाता है। भगवान के जन्म का पालना झुलाया जाता है। मिठाई बांटी जाती है। जन्म भूमि अयोध्या में विशेष पूजा, अर्चना की जाती है। अयोध्या जैन परंपरा के अनुसार शाश्वत तीर्थ है।

भक्ति साहित्य में ऋषभदेव :

जैन भक्ति साहित्य में भगवान ऋषभदेव की भक्ति सर्वप्रथम की जाती है। उनकी भक्ति में स्वतंत्र रूप से काव्य, पुराण, स्तोत्र, पूजाएँ आदि बड़ी मात्रा में लिखे गए हैं। सातवीं शताब्दी में मुनिराज मानतुंग आचार्य ने भक्तामर स्तोत्र द्वारा भगवान ऋषभदेव का महान महत्वशील स्तवन भक्ति की है, आज जन-जन इससे विदित है। संस्कृत भाषा में रचित यह स्तोत्र आज जैन श्रद्धालुओं का कण्ठहार बना हुआ है।

आज अधिक प्रासंगिक हैं ऋषभदेव की शिक्षाएं : भारतीय संस्कृति के प्रणेता एवं जैनधर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव की जनकल्याणकारी शिक्षा द्वारा प्रतिपादित जीवन-शैली, आज के चुनौती भरे माहौल में उनके सामाजिक एवं राजनीतिक विचारों की प्रासंगिकता है। तीर्थंकर ऋषभदेव अध्यात्म विद्या के भी जनक रहे हैं। आज मानवता के सम्मुख भौतिकवादी चुनौतियों के कारण नाना प्रकार के सामाजिक एवं मानसिक तनाव तथा संकट व्यक्तिगत, सामाजिक एवं भूमण्डल स्तर पर दृष्टिगोचर हो रहे हैं। भगवान ऋषभदेव द्वारा बताई गई जीवन शैली की हमारी सामाजिक एवं राजनैतिक व्यवस्था में काफी प्रासंगिकता एवं महत्ता है। उनके द्वारा प्रतिपादित ज्ञान-विज्ञान की विभिन्न क्षेत्रों में ऐसी झलकियां मिलती हैं जिन्हें रेखांकित करके हम अपने सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा सकते हैं।

भगवान ऋषभदेव ने एक ऐसी समाज व्यवस्था दी, जो अपने आप में परिपूर्ण तो थी ही साथ ही जिसकी पृष्ठ भूमि में अध्यात्म पर आधारित नैतिकता की नींव भी थी।

तीर्थंकर ऋषभदेव ने भारतीय संस्कृति के लिए जो अवदान दिया वह इतना महत्त्वपूर्ण है कि उसे जैन ही नहीं जैनेतर भारतीय परंपरा में आज भी कृतज्ञता पूर्वक स्मरण करती है और युगों तक करती रहेगी।

## विचार

# वैश्विक व्यापार और आशावाद

संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) की वैश्विक व्यापार रिपोर्ट का मार्च संस्करण पिछले सप्ताह जारी किया गया। उसमें अनुमान जताया गया कि वर्ष 2023 में जहां वैश्विक व्यापार में एक लाख करोड़ डॉलर की कमी आई , वहीं यह भी कहा गया कि 2024 में यह रुझान बदल जाएगा। अंकटाड ने इस दावे का समर्थन करते हुए कहा कि चालू कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही में वस्तु एवं सेवा व्यापार में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली है। इस वृद्धि के कारकों में वैश्विक मुद्रास्फीति में कमी और वैश्विक वृद्धि की मजबूती शामिल हैं। भारत के लिए यह अच्छी खबर है। घरेलू वृद्धि में व्यापार की हिस्सेदारी बढ़ाने की आवश्यकता है। कई निर्यात आधारित क्षेत्र बाहरी वृद्धि के रुझानों को लेकर खासे संवेदनशील हैं और आने वाले दिनों में बेहतर ऑर्डर बुक देखने को मिल सकती हैं। गोल्डमैन सैक्स के एक हालिया विश्लेषण में कहा गया कि भारत से संचालित सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवा कंपनियों के राजस्व में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 9 से 10 फीसदी की वृद्धि देखने को मिल सकती है। ऐसा दबी हुई मांग और जेनरेटिव आर्टिफिशल इंटेलिजेंस जैसे तकनीकी नवाचारों की बदौलत हो सकता है। वैश्विक व्यापार के समक्ष मौजूदा व्यापक जोखिमों को भी कम करके नहीं आंका जाना चाहिए। अंकटाड कई जोखिमों को चिह्नित करता है, उनमें से कुछ पर भारतीय नीति निर्माताओं को सावधानीपूर्वक नजर रखनी चाहिए। 2024 के दौरान कुछ समय तक नौवहन मार्गों के बाधित बने रहने की आशंका है। यमन में स्थित हूती विद्रोहियों द्वारा पोतों पर हुए हमलों में ज्यादा जानें भले नहीं गईं लेकिन उन्होंने लाल सागर से गुजरने वाले मार्ग का जोखिम और बीमा राशि दोनों में इजाफा कर दिया है जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र से भूमध्यसागर की ओर होने वाले समुद्री व्यापार को प्रभावित कर रहा है। अंकटाड ने जिंस कीमतों में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव को भी एक संभावित समस्या के रूप में पेश किया। दो वर्ष पहले रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण ने ईंधन बाजार में उथलपुथल मचा दी थी। इसने कई जिंसों की आपूर्ति श्रृंखला के लिए भी दिक्कत पैदा कर दी थी जिसमें कृषि जिंस शामिल थीं। युद्ध कच्चे माल की लागत और व्यापार को प्रभावित कर रहा है और इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है। निश्चित तौर पर गत सप्ताह यह खबर भी थी कि अमेरिका ने रूसी तेल पहुंचाने वालों पर नए सिरे से प्रतिबंध लगाए हैं। इस बात ने भी भारतीय रिफाइनरी तक तेल की आपूर्ति में देरी की। इस तथा अन्य संघर्षों ने व्यापार नेटवर्क को प्रभावित किया है और इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती है। आखिर में अंकटाड ने भू-आर्थिकी को लेकर भी कुछ चिंताएं जताई हैं जो मोटे तौर पर आपस में जुड़ी हुई हैं। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में चीन के दबदबे की चिंताओं के वशीभूत कंपनियां और सरकारें दोनों अलग-अलग स्तर पर कदम उठा रही हैं। रिपोर्ट बताती है कि आपूर्ति श्रृंखलाएं लंबी हो रही हैं। एक ओर यह बात उन्हें गैर किफायती बना रही है और लागत बढ़ा रही है तो वहीं दूसरी ओर इससे भारत समेत कुछ देशों के लिए यह अवसर भी उत्पन्न हुआ है कि वे मूल्य श्रृंखला में अधिक प्रभावशाली बन सकें। निश्चित तौर पर भारत सरकार के सेमीकंडक्टर, मोबाइल फोन और इलेक्ट्रिक वाहनों से जुड़े कदमों के पीछे यही वजह है। परंतु अहम खनिजों पर व्यापार प्रतिबंधों जैसे संबद्ध विषयों से भी निपटना होगा। आखिर में कई देशों में घरेलू सब्सिडी सही मायनों में एकदम गंभीर स्थिति निर्मित कर रही है। इन हालात में भारत प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएगा। ऐसे में यह अहम है कि हम अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसी अर्थव्यवस्थाओं के साथ करीबी आर्थिक एकीकरण स्थापित करें ताकि इनके असर को कम किया जा सके।

# जयंती विशेष : जनसंघ के प्रारंभिक नेताओं में एक थे डॉ. भानु प्रताप गुप्ता

## बांग्लादेश सत्याग्रह और मीसाबंदी की वजह से तिहाड़ जेल गए थे भानु भैया

इस माह भारतीय जनता पार्टी अपनी स्थापना के 24 वर्ष पूर्ण कर चुकी है भारतीय जनता पार्टी की इस यात्रा में जनसंघ के उन महान हुतात्माओं का अविस्मरणीय योगदान है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में संगठन को गढ़ने के लिए संघर्ष के हर थपेड़ों को निःस्वार्थ भाव से वरण किया है। हम बात कर रहे हैं, पूर्व मंत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. भानु प्रताप गुप्ता जी की। एक ऐसे समाजसेवी, संगठनकर्ता और नेता जिन्होंने राष्ट्र के लिए तन-मन-धन समर्पित कर दिया। बांग्लादेश सत्याग्रह और मीसाबंदी के रूप में वह जेल भी गए। आइए जानते हैं उनके संघर्षशील जीवन के बारे में विस्तार से...

**संघ से मिली समाज सेवा की प्रेरणा :** डॉक्टर भानु प्रताप गुप्ता जी का जन्म 3 अप्रैल 1938 को मुंगेली जिला में पिता श्री आनंद जी गुप्ता, माता श्रीमती उर्मिला देवी गुप्ता के यहां हुआ है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा हाई स्कूल एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगेली में हुई। अभाव में रह कर भी अपने सपनों को पंख देने वह रायपुर आ गए। यहां उन्होंने बीएएमएस की पढ़ाई आयुर्वेदिक कॉलेज रायपुर में की। श्री भानुजी के भीतर राष्ट्र के अपने सामाजिक दायित्व का बोध बाल्यकाल से था। सामाजिक सेवा की प्रेरणा उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से मिली। 1947 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बने। स्कूली शिक्षा के साथ वह संघ कार्य भी करते रहे। मई 1960 में उन्होंने वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया। 1959 में शासकीय चिकित्सा विभाग में नियुक्त हुए। उनकी पहली पदस्थान तत्कालिन



जनपद मुंगेली में हुई। शासकीय सेवा में आने के पश्चात 1960 में श्रीमती चंद्रकांता जी से विवाह हुआ। उन्होंने समाज सेवा और व्यवसाय के बीच संतुलन स्थापित करने के उद्देश्य से 1964 में शासकीय सेवा से त्यागपत्र देकर ग्राम पथरिया में निजी चिकित्सालय का शुभारंभ करना उचित समझा। यह निजी चिकित्सालय भी गरीब और असहाय वर्ग के लिए प्रकल्प की तरह रहा। उनके परिजन आज भी महामाई वार्ड मुंगेली जिला बिलासपुर वर्तमान जिला मुंगेली में रहते हैं।

**बांग्लादेश सत्याग्रह में पहली बार गए जेल :** डॉ.भानु जी ने जनसंघ के विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को जनसंघ की विचारधारा से अवगत कराया। 1971 दिल्ली में बांग्लादेश सत्याग्रह में सम्मिलित होने की वजह से जेल की सजा भी काटनी पड़ी। वह तिहाड़ जेल में बंद रहे। 1975 मीसाबंदी में के रूप में जेल गए।

**राज्यमंत्री के रूप में सफल कार्यकाल :** छत्तीसगढ़ में जनसंघ के प्रारंभिक नेताओं में शामिल श्री भानु प्रताप जी 1977 के चुनाव में पथरिया विधानसभा से निर्वाचित हुए। 1980 में मध्य प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य राज्य मंत्री बनाए गए। इस दौरान उन्होंने शासकीय अस्पतालों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया। स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अविभाजित मध्यप्रदेश में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना पर विशेष जोर दिया। श्री भानु प्रताप जी एक नेता के साथ सार्वजनिक जीवन में सामाजिक कार्यक्रमों व प्रकल्पों को विकसित करने में हमेशा उत्साहित रहते थे। 1983 में बड़ा बाजार मुंगेली में वासुदेव योग आश्रम के निर्माण तथा 1990 में अपने पूज्य श्री सदगुरुदेव हेतु ध्यान योग्य आश्रम समाधि स्थल निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। श्री भानु जी 1977 एवं 1990 में मध्य प्रदेश राज्य परिवहन निगम में संचालक मंडल के सदस्य मनोनित हुए। मध्य प्रदेश भूदान भू अर्जन समिति के सदस्य के रूप में उन्होंने हमेशा जनहित को प्रमुखता दी। वह भारतीय जनता पार्टी में विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों में रहे। जिला बिलासपुर में उपाध्यक्ष के साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व उन्होंने सफलतापूर्वक निभाया।

**सामाजिक संगठनों में सक्रिय भूमिका :** वह समय-समय पर सार्वजनिक जीवन में अनेक सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे। इनमें कोर्ट मेंबर रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर, डायरेक्टर को-ऑपरेटिव बैंक बिलासपुर, अध्यक्ष लायंस क्लब मुंगेली, मैनेजर भरा साहू धर्मशाला ट्रस्ट मुंगेली, अध्यक्ष महाकौशल शिक्षण समिति बिलासपुर, अध्यक्ष योग साधना केंद्र मुंगेली प्रमुख हैं।

**मेरे लिए पिता तुल्य थे : साव :** उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने उनके साथ बिताए हुए क्षण को याद करते हुए कहा कि मेरे जीवन में श्री भानुप्रताप गुप्ता जी की भूमिका पिता तुल्य जैसा ही था। मुझे हमेशा पुत्रवत उनका आशीर्वाद व मार्गदर्शन मिलता रहा। वह हमेशा निर्भीकता से निर्णय लेते थे। अविभाजित मध्यप्रदेश सरकार में स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल अत्यंत सफल रहा। एक स्मरण याद आता है कि एक बार पूर्व मुख्यमंत्री श्री सुंदरलाल पटवा जी का फोन आया कि आपको चुनाव लड़ना है, लेकिन वह उस समय चुनाव लड़ने को लेकर मानसिक रूप से तैयार नहीं थे, लेकिन पार्टी का निर्देश था, इसलिए चुनावी समर में उतर गए। संगठन के निर्देश के बाद वह परिणाम की परवाह कभी नहीं करते थे।

**मेरे पहले राजनीतिक गुरू थे : मोहले :** पूर्व मंत्री व वरिष्ठ विधायक श्री पुन्नुलाल मोहले ने बताया कि उस समय गांव का सरपंच था। उन्होंने मुझे विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया। सरपंच होने के साथ ही मेरे लिए विधानसभा चुनाव लड़ना बड़ी बात थी। उनकी प्रेरणा से विभिन्न जाति-वर्गों को भाजपा से जोड़ने के लिए अभियान चलाया। उनके साथ रहकर मुझे सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र के साथ ही संसदीय परंपराओं को सीखने और समझने का अवसर प्राप्त हुआ। वह मेरे पहले राजनीतिक गुरु थे। उनसे ही मैंने राजनीतिक जीवन में सफलता के लिए मूलमंत्रों की दीक्षा ली है। उन्होंने छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में भाजपा के विस्तार और मजबूती के लिए अनुकरणीय कार्य किया है। जो सदैव हम सबके लिए प्रेरणादायी है।

**लेखक : हेमंत पाणिग्रही, स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

# व्यथा की कथा-बंगाल 1947 बटवारे की अनछुई कहानी है



## छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ और पखांजूर में हुई है फिल्म की शुटिंग

प्रसिद्ध-निर्देशक - आकाशादित्य लामा की फिल्म बंगाल 1947 एक ऐसी अनछुई प्रेम कहानी है जिसमें आजादी के बाद भारत- विभाजन के उपरांत बांग्लादेश के निर्माण के बाद की परिस्थियों को बखूबी दिखाया गया है । फिल्म में एक ऐसी कहानी को उकेरा गया है जिसका नायक उच्च जाति का और नायिका समाज के दबे कुचले वर्ग का प्रतिनिधत्व करती है जिसे निर्देशक ने बखूबी सिनेमा के पर्दे पर उतारा है । मूलतः भिलाई से प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा ले चुके आकाशादित्य लामा ने छत्तीसगढ़ के बंग स्थापित इलाका पखांजुर में इस फिल्म का लोकेशन फायनल कर शुटिंग हुई, इसके बाद फिल्म का कुछ दृश्य खैरागढ़ के संगीत विश्व विद्यालय में शूट की गई । इस फिल्म को दर्शकों द्वारा पूरे देश में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। पूरे देश में बड़ी बजट के फिल्मों के सामने यह फिल्म बेहद ही पसंद की जा रही है। इस फिल्म की छत्तीसगढ़ के आम दर्शकों के बीच भी बेहद चर्चा में हैं ।



## बंगाल 1947 में माटी की महक है : लामा

बंगाल विभाजन पर केन्द्रित फिल्म के निर्देशक विभाजन की भयावह तस्वीर के बीच प्रेम के एक अद्भुत ताकत को दिखाना एक चुनौती थी जिसे स्वीकार करके इस फिल्म का निर्माण किया गया । जिसके हर पक्ष को लेकर गंभीर शोध व लेखन कार्य में वे खुद ही जुटे रहे। यह फिल्म दर्शकों को अनुठा अनुभव देने के साथ मनोरंजन करता है। जिस तरह से फिल्म के लोकेशन को लेकर कार्य हुए हैं उसकी बेहद प्रशंसा हो रही है। फिल्म में विभाजन के समय 1947 के कालखंड को दिखाना हम लोगों के लिए सुखद अनुभव है ।

## सिनेमा की नई पीढ़ी को किया जा रहा तैयार :डॉ. चौबे

अभिनेता व रंगकर्मी डॉ. योगेन्द्र चौबे ने इस फिल्म में डोम की जीवंत भूमिका निभाई है जिसे दर्शकों ने बेहद पसंद किया । छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद पहले राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के छात्र रहे डॉ. चौबे मूलतः रायगढ़ के निवासी हैं । वर्तमान में कला संगीत विश्व विद्यालय खैरागढ़ में अभिनय विभाग के प्रमुख हैं । उन्होंने कहा कि यह फिल्म छत्तीसगढ़ में सिनेमा की नई पीढ़ी को मौका दिया है जिसके परिणाम भविष्य में कई उभरते हुए सिनेमा कर्मियों को स्थापित होने का अवसर देगा ।

## मेरे सपनों का सिनेमा है बंगाल 1947 : सुरभि श्रीवास्तव

देश की प्रतिष्ठित भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान की अभिनय विभाग की छात्रा सुरभि श्रीवास्तव इस फिल्म में मुख्य नायिका की तौर पर अपने अभिनय के साथ न्याय किया है । राजनांदगांव की निवासी अभिनेत्री सुरभि



एफ्टीआईआई चयन से पहले थिएटर में सक्रिय थी। उनका कहना है कि इस फिल्म का हिस्सा बनना उनके लिए एक सपना जैसे था । जिस तरह से उनके अभिनय को दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं उनके लिए यह फिल्म अभिनय के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इस फिल्म में संगीत अभिषेक रे, संपादन राजेन्द्र महापात्रा, छायांकन विनोद छाबड़ा, कला निर्देशन बेनी प्रांसिस, धनराज निषाद, परिधान डिजाइन देबजानी बीबीहोरी का है । अभिनेत्री देवोलीना के अलावा फिल्म में सोहेला कपूर, ओमकार दास मानिकपुरी, आदित्य लखिया, अनिल रस्तोगी, प्रमोद पवार, अंकुर अरमाम, सुराभि श्रीवास्तव, फलक राही, विक्रम टीडीआर और अतुल गंगवार ने अभिनय किया है. 'बंगाल 1947: एक अनकही प्रेम कहानी' का निर्माण कॉम्फेड प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड और थिंक टेंक ग्लोबल के तले हुआ है । फिल्म के निर्माता सतीश पांडे, आकाशादित्य लामा और रिषभ पांडे हैं । इस फिल्म का वितरण प्लेटून डिस्ट्रीब्यूशन ने किया ।

दैनिक
# विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

### कोमल हुपेंडी ने थामा बीजेपी का दामन



**रायपुर ( विसं )।** आम आदमी पार्टी 'आप' के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष भाजपा में शामिल हुए. कांकेर में आयोजित भाजपा प्रत्याशी के नामांकन रैली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोमल हुपेंडी का पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया. बता दें कि कोमल हुपेंडी ने 2023 का विधानसभा चुनाव आप की टिकट पर भानुप्रतापपुर से लड़ा था और 15255 वोट हासिल किए थे. आज उन्होंने अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा और कांकेर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड मतों से जिताने का संकल्प लिया.

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप सिंह होरा को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर ( आरएनएस )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विगत दिवस छ्त्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व संरक्षक, वरिष्ठ भाजपा नेता, स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह होरा के आकस्मिक निधन पर दु:ख व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने सोशल मिडिया साईट एक्स पर लिखा छ्त्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व संरक्षक, वरिष्ठ भाजपा नेता, स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह होरा के आकस्मिक निधन का सामाचार प्राप्त हुआ। मै ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकसंतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

### स्लीपर सेल वाले बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मानहानि का नोटिस

**रायपुर ( आरएनएस )।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के स्लीपर सेल वाले बयान पर पूर्व प्रदेश महासचिव सदस्य अरुण सिसोदिया ने उन्हें मानहानि का नोटिस भेजा है और 15 दिन के भीतर उनसे जवाब मांगा है। बता दें कि भूपेश बघेल को राजनांदगांव से लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने के बाद खासा विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव और एआईसीसी सदस्य अरुण सिसोदिया ने उनपर कई तरह के आरोप लगाते हुए खुलकर उनका विरोध किया था। जिसके जवाब में भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा था कि, कांग्रेस में कुछ लोग खराब नीयत से स्लीपर सेल (आतंकवादी संगठनों के लिए काम करने वाले)की तरह काम कर रहे हैं। वे पार्टी की बेहतरी नहीं चाहते हैं। स्लीपर सेल के बयान के अब उन्हें खासा विरोधों का सामना करना पड़ रहा है।अब इस मामले में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव और एआईसीसी सदस्य अरुण सिसोदिया ने उन्हें मानहानि का नोटिस भेजा है। उन्होंने अपने वकील सौरभ चौबे के माध्यम से उन्हें नोटिस भेजा है और 15 दिन के भीतर उनसे जवाब मांगा है।

### 19 से 1 जून तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध

**दुर्ग ( आरएनएस )।** भारत निर्वाचन आयोग नईदिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 (क) (ख) के तहत दिनांक 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को प्रात: 7 बजे से 01 जून 2024 (शनिवार) को संध्या 6.30 बजे के बीच की अवधि को निर्गम मत सर्वेक्षण हेतु प्रतिबंध अधिसूचित किया गया है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति, उपरोक्त निर्धारित कालावधि के दौरान कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का, ऐसी अवधि के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा, ना ही इसके माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति में प्रसार नहीं करेगा।

### ओव्हर ब्रीज में आध लटकता रहा ट्रक, बड़ी दुघर्टना टली

**रायपुर ( आरएनएस )।** रायपुर के राजेंद्र नगर ओवर ब्रिज में सोमवार-मंगलवार की रात एक तेज रफ्तार डंपर के ड्राइवर ने शराब के नशे में ओवर ब्रिज की दीवार तोड़ दी और फिर डंपर समेत हवा में लटक गया। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को सोमवार की देर रात सूचना मिली कि एक तेज रफ्तार डंपर का राजेन्द्र नगर ओवरब्रिज में एक्सीडेंट हो गया है। मौके पर पहुंचकर पेट्रोलिंग टीम ने देखा तो एक तेज रफ्तार डंपर ओवर ब्रिज की दीवाल तोड़कर आधा हवा में लटक रहा था। गाड़ी के केबिन का हिस्सा हवा में लटक हुआ था। वहीं वाहन का चालक मौके से फरार हो गया था। और इस हादसे में किसी के हताहत नही हुआ था।

# बृजमोहन अग्रवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को समझाया बूथ मैनेजमेंट

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ मंत्री एवं रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को प्रचंड मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया

### बृजमोहन अग्रवाल ने कहा- मोदी जी के विचारों और कामों से प्रभावित होकर कांग्रेसी समेत दूसरे लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं

### मोदी जी ने महिलाओं को सशक्त और आत्म निर्भर बनाने का काम किया अब महिलाओं की बारी एक बार पुनः मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएं



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी पंचायत से लेकर लोकसभा चुनाव तक किसी को भी कमतर नहीं आंकती है। इसीलिए पार्टी हर चुनाव को अपनी पूरी ताकत के साथ लड़ती है। पार्टी 12 महीने 24 घंटे सातों दिन चुनाव के लिए तैयार रहती है। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता किसी सैनिक से काम नहीं है। जो यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए हमेशा तैयार खड़ा है। यह बात मंगलवार को छत्तीसगढ़ सरकार के वरिष्ठ मंत्री एवं रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने भाटापारा में मंडल बैठक के दौरान कही।

इस बैठकों का आयोजन निपनिया मंडल, भाटापारा नगर मंडल, भाटापारा ग्रामीण और सिमगा मंडल में किया गया था। इन बैठक का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में बेहतर बूथ प्रबंधन था।

इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता किसी सैनिक से कम नहीं है जो केवल पार्टी ही नहीं बल्कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत के निर्माण के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पहले के समय पालिका चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक मुख्य मुद्दा नाली, सड़क, बिजली और पानी का होता था। लेकिन पिछले 10 सालों में नरेंद्र मोदी ने देश की दशा और दिशा दोनों बदल दी हैं। आज ग्रामीण इलाकों तक में गरीबों को पक्के मकान, नल जल योजना से जल, 24 घंटे बिजली मिल रही है। जिससे ग्रामीण इलाकों के बच्चों को शिक्षा के लिए बेहतर माहौल मिल रहा है। बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है कि हमारी महिलाओं को आत्म सम्मान के साथ ही उनको आत्मनिर्भर भी बनाया जा रहा है महतारी बंधन योजना के तहत मोदी जी ने महिलाओं को प्रति महीने ?1000 देने भी शुरू कर दिए हैं। महिलाओं में आर्थिक आजादी भी आएगी उनकों दूसरों के ऊपर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की यह जिम्मेदारी है कि वह मोदी जी के इन्हीं कार्यों को लेकर जनता के बीच में जाएं और उन्हें कमल के फूल को वोट देकर मोदी जी को मजबूत बनाने का आव्हान करें। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आज दुनिया भर में भारत का डंका बज रहा है भारत एक तेज़ी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था है। विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के लिए कार्यकर्ता जनता से भाजपा को वोट देने के लिए अपील करें। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मतदाताओं से सीधा संपर्क करना होगा। उनको पार्टी के विचार और कार्योजनाओं के बारे में जानकारी देनी होगी। जिसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को समय निकालकर जन संपर्क करना होगा।

उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से कहा कि, एक महिला दूसरी महिला की बात अच्छे से सुनती और समझती है। इसलिए महिला कार्यकर्ता भी पूरी तैयारी और जानकारी के साथ महिला मतदाताओं के बीच जाएं और कमल के फूल के लिए वोट मांगे।

पत्रकारों से बात करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह मीटिंग मंडल स्तर और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देने के लिए की गई है। रायपुर लोकसभा चुनाव जीतने के लिए, कार्यकर्ता मोदी जी की जो गारंटी पूरी हुई हैं। उन्हें घर-घर तक पहुंचाएं। भाजपा रायपुर लोकसभा सीट ज्यादा से ज्यादा मतों से जीते इसी विषय पर चर्चा हुई एवं कार्य योजना बनाई गई है। मोदी जी के विचारों और कार्यों से आज पूरा देश प्रभावित हो रहा है। इसी का परिणाम है देश भर में लोग कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का दामन थामने के लिए आगे आ रहे है।

बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बृजमोहन अग्रवाल को भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से एक लाख से ज्यादा मतों में जीत दिलाने का संकल्प लिया।

बैठक में पूर्व विधायकशिव रतन शर्मा, देवजी भाई पटेल, सनम जांगड़े, जिला मंत्री महाबल बघेल सुनील मिश्रा, निपनिया मंडल अध्यक्ष धनीराम साहू, भाटापारा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डबलू सिंह ठाकुर, सिमगा मंडल अध्यक्ष केजु राम बघेल, भाटापारा नगर मंडल अध्यक्ष मनिंदर सिंह गुम्बर, सुरेश यदु, पवन वर्मा, कांति आडिल समेत जिला पंचायत सदस्य कविता देवांगन, पार्षद और मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरपंच समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसियों और दूसरे लोगों ने भाजपा की सदायस्ता ग्रहण की।

# लोकसभा चुनाव-2024 : प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्वप्रमाणीकरण

**मतदाताओं को भ्रमित करने वाले विज्ञापनों पर होगी रोक**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत देश में हो रहे सातों चरणों के मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्वप्रमाणीकरण आवश्यक है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र की जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत तीनों चरणों के मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए यह अनिवार्य होगा।

आयोग के निर्देशानुसार प्रथम चरण में 18 और 19 अप्रैल, दूसरे चरण में 25 और 26 अप्रैल तथा तीसरे चरण में 6 और 7 मई को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्यस्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया है कि आवेदनकर्ताओं द्वारा ऐसे विज्ञापन के प्रस्तावित प्रकाशन दिनांक से कम से कम दो दिवस पूर्व मीडिया प्रमाणन समिति को आवेदन प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने बताया कि मतदान दिवस के पूर्व एवं मतदान तिथि को प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन के बाद वे दल अथवा प्रत्याशी जो इससे प्रभावित होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सफाई अथवा खंडन का अवसर नहीं होता। ऐसे में स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए मतदान दिवस के एक दिन पहले और मतदान तिथि को राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व विज्ञापनों का पूर्वप्रमाणन आवश्यक है।

# चन्द्रोदय तीर्थ चांदखेड़ी में ध्वजारोहण के साथ दो दिवसीय मेले का हुआ शुभारम्भ



**चांदखेड़ी ( विश्व परिवार )।** चैत्र कृष्ण नवमी श्री आदिनाथ भगवान का जन्मकल्याणक महोत्सव चन्द्रोदय तीर्थ चांदखेड़ी में धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ आज भगवान के अभिषेक शान्तिधारा के पश्चात ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ वात्सल्य भोज के पश्चात प्रबन्ध कार्यकारिणी की साधारण सभा की बैठक शुरू हुई जिसकी अध्यक्षता श्री हुकम जैन काका ने की व विशिष्ट अतिथि के रुप में निति आयोग की सदस्य श्री मती अर्चना जैन उपस्थित रही।मंगलाचरण व दीपप्रज्वलन के साथ साधारण सभा की बैठक शुरू हुई।

महामंत्री नरेश जैन वेद ने पिछली बैठक की समीक्षा की इसके पश्चात उपस्थित सदस्यों ने अपने सुझाव व क्षेत्र की प्रगति मे विचार प्रस्तुत किए जिसकी अध्यक्ष हुकम काका ने अनुमोदना की।

जिसमें मती अर्चना जैन के समक्ष खानपुर होकर रेल्वे लाइन का प्रस्ताव रखा इसके सन्दर्भ मे श्रीमती अर्चना जैन ने कमेटी को आस्वस्त किया कि वह इस प्रस्ताव को रेल मन्त्रालय तक पहुचायेगी। इसके पश्चात क्षेत्र पर चल नि रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। कमेटी के सभी सदस्यों ने पाडाखोह जाकर वहां पर चल रहे जिर्णोद्धार कार्यों को अवलोकन किया। कल प्रात 9 बजे श्री जी को रथ मे बिठाकर नगरभ्रमण किया जायेगा।

**-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

# आदिनाथ जयंती पर सरकारों द्वारा रखा जाए सार्वजनिक अवकाश : आचार्य श्री सुनीलसागर जी महाराज

### केबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा- मुख्यमंत्री जी से अवगत करा शीघ्र होगी कार्यवाही

### लिव इन रिलेशनशिप मानसिक रूप से पनपी सामाजिक बुराई है



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** जयपुर स्थित वैशाली नगर में आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी पधारे तो आचार्य श्री सुनील सागर महाराज ने कहा की जैन धर्म में 24 तीर्थंकर हुए हैं जिसमें से भगवान महावीर अंतिम व चौबीसवें तीर्थंकर है जबकि प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जिन्हें ऋषभदेव भी कहा जाता है है अत: राजस्थान सरकार द्वारा आदिनाथ जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की जाए तो कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने आश्वस्त किया कि मैं राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से चर्चा कर इस विषय पर शीघ्र ही कार्रवाई करवाऊंगा।

इस अवसर पर आचार्य ने कहा की संपूर्ण जैन समाज को भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक व्यापक व बड़े स्तर पर आयोजित करना चाहिए और साथ ही साथ प्रचार प्रसार करके आम जन तक यह बात पहुंचानी चाहिए कि भगवान आदिनाथ जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर थे सभी को मिलकर प्रथमेश का जन्म कल्याणक मनाने में पीछे नही रहना चाहिए।

वैशाली नगर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव भव्यता के साथ पूर्ण हुआ तो आचार्य सुनील सागर ने सभी को चेतावनी देते हुए कहा कि लिव इन रिलेशनशिप जैसे रिश्तो की इस समाज में कोई आवश्यकता नहीं है। यह मानसिक रूप से पनपी हुई सामाजिक गंदगी है जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता सभी श्रावको अपने बच्चों में उचित संस्कार प्रदान करने चाहिए यह उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जवानी में हिल हिल कर चलता है और बुढ़ापे में चलने में हिलता है इसलिए जवानी का घमंड ना करें बुढ़ापा सबको आना है।ठंड और घमंड दोनो में एक समानता होती है दोनो में आदमी अकड़ता है एक दिन दोनो का ही शमन होता है। संतो के सानिध्य में रहकर जीवन व्यतीत करिए क्योंकि संतो को देखने मात्र से ही संतत्वआता है। संजय जैन बड़जात्या कामां से संकल्प जानकारी के साथ **अभिषेक जैन लुहाड़िया** रामगंजमंडी।

# आदिनाथ जयन्ती समारोह के पोस्टर का विमोचन

## जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म व तप कल्याणक आज

### राजस्थान जैन सभा द्वारा भट्टारक जी की नसियां में 48 मण्डलीय भक्तामर स्तोत्र दीप महाअर्चना अनुष्ठान का होगा विशाल आयोजन



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में बुधवार 3 अप्रैल को जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) का जयन्ती समारोह भक्तिभाव से मनाया जाएगा। इस मौके पर सायंकाल भट्टारक जी की नसियां में भव्य आयोजन होगा।

मंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि सायंकाल 7.30 बजे से अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन एवं महामंत्री मनीष बैद के नेतृत्व में भट्टारक जी की नसियां में भगवान आदिनाथ की महाआरती के बाद 48 मण्डलीय भक्तामर स्तोत्र दीप महाअर्चना अनुष्ठान का आयोजन किया जावेगा।

इस आयोजन के लिए सभा के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा को मुख्य समन्वयक, कार्यकारिणी सदस्य सुभाष बज एवं जिनेन्द्र जैन जीतू को मुख्य संयोजक बनाया गया है। इस मौके पर आयोजित होने वाले भक्तामर स्तोत्र दीप महाअर्चना अनुष्ठान में समाजश्रेष्ठी कपूर चन्द महावीर कसेरा मुख्य मण्डल पर शास्त्र विराजमान करेगें।

समाजश्रेष्ठी अशोक टकसाली मुख्य मण्डल पर दीप प्रज्ज्वलन कर्ता तथा शिखर चन्द सुप्रिया जैन सारसोप, निर्मल-कमलेश पाटोदी धुवां वाले, प्रमोद-ज्योति बावडी वाले एवं अशोक-विमला पापडीवाल चतुष्कोणीय दीप प्रज्ज्वलन कर्ता होगें। अनुष्ठान में 48 कालोनियों के हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। संगीतकार नरेन्द्र जैन एण्ड पार्टी अपनी प्रस्तुति देगें।

**पोस्टर का हुआ विमोचन :** समारोह के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन समाजश्रेष्ठी सुरेश सबलावत ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, महामंत्री मनीष बैद, मंत्री विनोद जैन कोटखावदा, कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा, कार्यकारिणी सदस्य सुभाष बज, अनिल छाबडा एवं जिनेन्द्र जैन जीतू सहित बडी संख्या में जैन बन्धु उपस्थित थे।

# कलेक्टर ऋचा चौधरी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**दुर्ग ( आरएनएस )।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने रिसाली नगर निगम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। समय का ध्यान न रखने और देरी से काम पर आने वाले कर्मचारियों पर उन्होंने नाराजगी जताई तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि जो चिकित्सक समय पर नहीं आते उन्हे नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने दवाईयों तथा अन्य उपकरणों का अवलोकन किया, जिन दवाईयों की समयावधि समाप्त हो गई है उन्हें तुरंत हटाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने उतई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हाजरी रजिस्टर की जांच की। जांच के दौरान बहुत से चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने अनुपस्थित चिकित्सकों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# लोकसभा निर्वाचन-2024 : सेवा मतदाताओं से प्राप्त डाक मतपत्रों के वितरण हेतु नोडल अधिकारी करें नियुक्त : अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

### डाक विभाग के अधिकारियों को दिए गए निर्देश




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत सेवा मतदाताओं से डाक मतपत्रो की वापसी के संबंध में डाक विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री नीलेशकुमार क्षीरसागर द्वारा डाक विभाग के अधिकारियों को सेवा मतदाताओं से प्राप्त डाक मतपत्रों के वितरण हेतु लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के मुख्यालय जिलों में नोडल अधिकारी तथा पोस्टमैन नामित करने निर्देशित किया गया, जो संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में प्रतिदिन अपरान्ह 03.00 बजे डाक मतपत्र वितरित करेंगे। बैठक में डाक मतपत्र वितरण हेतु अधिकृत पोस्टमैन के लिये रिटर्निंग अधिकारी से समन्वय स्थापित कर परिचय पत्र जारी करवाने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि पोस्टमैन को मतगणना के दिन मतदान केंद्र में प्रवेश के दौरान असुविधा ना हो। मतगणना के दिन निर्धारित समय पर डाक मतपत्र वितरण हेतु विशेष सतर्कता बरतने हेतु निर्देशित किया गया। डाक सेवा अनिवार्य सेवाओं की श्रेणी में शामिल है। अत: निर्वाचन में डाक कर्मियों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु डाककर्मियों को निर्धारित समयावधि में फार्म 12डी में रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन कर मतदान हेतु डाकमतपत्र प्राप्ति के संबंध में भी जानकारी दी गई।

उल्लेखनीय है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत अधिसूचित अनिवार्य सेवाओं के राज्य स्तरीय विभागीय नोडल अधिकारियों की बैठक में जानकारी दी थी कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किये जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य मे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तीन चरणों में सम्पन्न किए जा रहे हैं। प्रथम चरण हेतु दिनांक 30 मार्च 2024 को 1603 सेवा मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक पोस्टल बैलेट प्रसारित किये गए है। द्वितीय चरण हेतु दिनांक 8 अप्रैल 2024 एवं तृतीय चरण हेतु दिनांक 22 अप्रैल 2024 को सेवा मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक पोस्टल बैलेट ऑनलाइन प्रसारित किया जाएगा। बैठक में सहायक संचालक डाक विभाग श्री आलोक गोमास्ता, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (डाक मतपत्र) श्री विनय कुमार अग्रवाल तथा प्रदीप कुमार बैध उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### चालीस लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** पुलिस कप्तान अमित तुकाराम कांबले के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर व एसडीओपी मैनपुर बजी लाल सिंह के मार्गदर्शन में नशे के विरूद्ध एक विशेष अभियान नया सवेरा योजनान्तर्गत अवैध शराब बेचने पिलाने व अन्य नशीली पदार्थों पर कार्यवाही किया जा रहा है। जिसके परिपालन में थाना प्रभारी थाना शोभा के द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने रखकर परिवहन के करते पाये जाने थाना शोभा एवं अन्य स्टाफको हमराह लेकर धर पकड़ की कार्यवाही करते हुये अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन करने वाले आरोपी रामदेव गोड पिता चौधरी गोड उम्र 30 वर्ष,आनंद गोड पिता बजरु गोड उम्र 19 वर्ष निवासी कोकामटा थाना रायगढ जिला नवरंगपुर उडीसा के खिलाफ34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। आरोपीगण के कब्जे से 20 लीटर क्षमता वाली एक सफ्दे रंग की प्लास्टिक जरकीन में कुल 20 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 3000 रूपया। दो 10 लीटर क्षमता वाली सफेद रंग की प्लास्टिक जरकीन में 10-10 लीटर कुल 20 लीटर कीमती 3,000 रूपयें इस प्रकार कुल जुमला 40 लीटर कच्ची महुआ शराब घटना में प्रयुक्त एक नीला रंग की टीव्हीएस स्पोटर्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 23 जे 6114 कीमती 20,000 रुपयें कुल जुमला 26,000 रूपयें का अवैध कच्ची महुआ शराब पकड़ा गया। आरोपीगण का कृत्य आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने से आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। अभियान लगातार जारी रहेगा।

### तालाब में मिली पहाड़ी कोरवा की लाश

**कोरबा(विश्व परिवार)।** ग्राम रलिया के पानीपिया तालाब में एक युवक की लाश मिली। मृतक की पहचान एसईसीएल में सुरक्षा कर्मी का काम करने वाले पहाड़ी कोरवा जनजाति युवक के रूप में हुई है। उसकी बाइक तालाब में मेड़ में खड़ी मिली है। संभावना जताई जा रही है कि अत्यधिक नशा के कारण युवक पानी में डूब गया होगा। हरदीबाजार थानांतर्गत ग्राम रलिया के कुछ ग्रामीण पानीपिया तालाब की ओर गए हुए थे। इस दौरान उन्हें तालाब में एक युवक के डूबने की जानकारी मिली। सूचना मिलने पर थाने में पदस्थ एएसआई रामकृष्ण आदित्य पुलिस टीम के साथ मौके पर जा पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में ग्रामीणों ने लाश की खोजबीन शुरू की, तब काफी मशक्कत के बाद शव मिला। इसके बाद पुलिस ने मृतक की शिनाख्ती कार्रवाई प्रयास किया, तब उसकी पहचान करतला थाना क्षेत्र के ग्राम मदनपुर दर्री टोला निवासी मंगतराम पहाड़ी कोरवा 29 वर्ष के रूप में हुई। मृतक दीपका के प्रगतिनगर कालोनी में निवास करता था और एसईसीएल में सुरक्षा कर्मी के रूप में काम करता था। उसकी बाइक तालाब के मेड़ में खड़ी मिली है। इससे पुलिस ने संभावना जताते हुए कहा कि मृतक रंग पंचमी होने के कारण दोस्तों के साथ त्यौहार मनाने के बाद तालाब की ओर गया होगा, जहां गहरे पानी में डूबने से मौत हुई होगी। बहरहाल पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया।

### डीसी चेम्बर में शार्ट सर्किट, एसी सहित अन्य सामान जला

**कोरबा(विश्व परिवार)।** गर्मी का मौसम एक तो वैसे ही लोगों के लिए परेशानी का कारण होता है। ऐसे में आगजनी की घटनाएं सिरदर्द बढ़ा रही है। इस सप्ताह के पहले कार्यदिवस को जिला प्रशासनिक कार्यालय में एक डिप्टी कलेक्टर के कार्यालय में तब आगजनी हो गई जब उसे खोला ही गया था। चेयर सहित कुछ सामान आगजनी में जला है। कुछ देर बाद अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर नियंत्रण किया। अधिकारिक जानकारी के अनुसार आज सुबह जिला कार्यालय परिसर स्थित डिप्टी कलेक्टर विकास चैधरी के चेम्बर में आगजनी हो गई। वहां पर लगे एयर कंडीशनर में शार्ट सर्किट होने से यह स्थिति निर्मित हुई। घटना उस वक्त हुई जब कर्मचारी ने पहुंचकर अधिकारी का चेम्बर खोला। बताया गया कि ठीक उसी समय एसी के केबल में स्पार्किंग हुई और फिर झटके के साथ आग लग गई। इस नजारे से फौचक कर्मचारी ने बचाव के लिए आवाज लगाई। इस समय तक परिसर के और भी कार्यालय खुल रहे थे जिनके कर्मचारी हरकत में आए। कार्यालय से अग्निशमन विभाग को अवगत कराया गया। दावे के तहत कुछ ही तहत यहां सायरन बजाते हुए दमकल की टीम पहुंची। स्थिति का जायजा लेने के साथ उसने डिप्टी कलेक्टर के चेंबर में लगी आग पर काबू किया। हालांकि इससे पहले वहां रखा काफी सामान आग की चपेट में आने के साथ जल गया। यह बात अलग है कि जिले के प्रमुख प्रशासनिक कार्यालय की महत्ता को समझते हुए यहां अलग-अलग स्तर पर फायर एक्स्टीविसर लगाए गए हैं लेकिन उनकी क्षमता सीमित है।

# लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अतंर्गत मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं की समीक्षा कलेक्टर ने की

## आदर्श मतदान केन्द्रों में टेंट व्यवस्था, पेयजल, विद्युत सहित अन्य व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के भू-तल स्थित सभाकक्ष में नोडल अधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी की बैठक आहूत की गयी। बैठक में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री जयंत नाहटा के द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के अतंर्गत जिले में स्थापित 01 दिव्यांग मतदान केन्द्र, 06 युवा मतदान केन्द्र एवं 10 संगवारी मतदान केन्द्रों में आवश्यक मूलभूत व्यवस्था एवं मतदान दलों के ठहरने की व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ने कहा कि आदर्श मतदान केन्द्रों में से हर ब्लाक में



तीन-चार मतदान केन्द्रों का विशेष रूप से चिन्हांकित करने के लिए स्वागत द्वार, सेल्फी पांईट और आकर्षक टेंट व्यवस्था की जाए। साथ ही प्रत्येक आदर्श मतदान केन्द्रों में प्रसाधन केन्द्र, पेयजल व्यवस्था, छायादार सुनिश्चित होनी चाहिए। बैठक में इसके अलावा मरम्मत की आवश्यकता वाले मतदान केन्द्रों, विद्युत विहीन मतदान केन्द्रों की जानकारी चाही गई और एक-दो दिवस के अंदर सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### सुबह-सुबह हुई मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**सुकमा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार सुबह करीब 6 बजे पुलिस की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई है। ,एनकाउंटर में जवानों ने एक माओवादी को मार गिराया है। सर्चिंग के दौरान नक्सली का शव, हथियार, बैरल ग्रेनेड लॉन्चर और भारी मात्रा में नक्सल सामान बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार रात को जिला सुकमा एवं तेलंगाना राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में डीआरजी और कोबरा 208-204 बटालियन के जवान सर्चिंग पर निकले थे इसी दौरान सोमवार सुबह करीब 6 बजे टेटमड़गु इलाके में घात लगाए बैठे नक्सलियों ने उन पर फायरिंग कर दिया। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने गोलीबारी की। पुलिस पार्टी को भारी पड़ता देख नक्सली वहां से भाग खड़े हुए। इस मुठभेड़ में एक नक्सली की मौत हुई है। मुठभेड़ के बाद घटना स्थल की सर्चिंग के दौरान 01 पुरूष माओवादी का शव, 01 नग बीजीएल रायफल, भारी मात्रा में बीजीएल सेल व अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया गया है।

# स्वीप संगोष्ठी में महिला एवं पुरूष किसानों ने ली शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए गांव-गांव में स्वीप संगोष्ठी आयोजित कर लगातार नागरिकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि एवं सहकारिता विभाग द्वारा स्वीप संगोष्ठी आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुरगी में आयोजित किया गया। स्वीप संगोष्ठी में पुरूष किसानों के अलावा बड़ी संख्या में महिला किसानों ने भी भाग लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं। जिला स्वीप टीम द्वारा स्वीप संगोष्ठी आयोजित कर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों से अवगत करते हुए लोकतंत्र के महापर्व के संबंध में जानकारी दी गई। संगोष्ठी में नागरिकों को लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व से अवगत कराया गया। किसानों को बताया गया कि जिस प्रकार से खेती में अच्छी फसल के लिए अच्छे बीज, निदाई, गुड़ाई, खाद की आवश्यकता होती है, ठीक वैसे ही लोकतंत्र में अच्छे संसद के चुनाव के लिए शत प्रतिशत मतदान की आवश्यकता होती है। किसानों को मतदान के महत्व को समझाया गया। लोकतंत्र में संसद की भूमिका के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। सभी किसानों को अपने परिवार, रिश्तेदार एवं पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करने कहा गया। संगोष्ठी में किसानों को बताया गया कि लोकतंत्र में मजबूती का आधार सिर्फमतदान होता है। इस उद्देश्य के साथ मतदाता शपथ सभी किसानों को दिलाया गया। सभी किसानों से मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार और कर्तव्य का पालन करने की अपील की गई। स्वीप संगोष्ठी के अवसर पर पुरूष एवं महिला किसानों ने मतदाता की शपथ लेकर मोर वोट मोर अधिकार, जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान जैसे नारों से मताधिकार का उपयोग करने संकल्प लिया गया।

# कोरबा की जनता कांग्रेस के धोखे में नहीं आने वाली: मंत्री देवांगन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सांसद ज्योत्सना महंत पर तंज कसते हुए उद्योग मंत्री ने कहा की जब कोरोना की महामारी फैली थी तब यहां की सांसद गायब थी, जब शहर में घंटो बिजली गुल रहती थी तब भी सांसद गायब रही, क्या कोरबा लोकसभा की जनता ने उनको गायब रहने के लिए सांसद बनाकर दिल्ली भेजा था, जनता अब कांग्रेस के धोखे में नहीं आएगी। जनता इस बार कांग्रेस को वोट की चोट देगी, सांसद को सबक सिखाएगी। भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के समर्थन में उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन का धुंआधार प्रचार रविवार को कोसाबाड़ी मंडल के तीन वार्डों में जारी रहा।सुभाष ब्लॉक में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि एसईसीएल कर्मचारियों की समस्या को पहली और आखरी बार यहां की सांसद ने कब उठाया था, आज कॉलोनियों में मकान रहने लायक नहीं है, कर्मचारी कई तरह के विसंगतियों से जूझ रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की सांसद ने कभी मुखरता से आवाज ही नहीं उठाई। इस अवसर पर युवा मोर्चा के महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, कोसाबाडी मंडल के अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, पूर्व पार्षद सुशील गर्ग, दिनेश वैष्णव, राम त्रिपाठी, मनोज सिंह,सुमन सोनी, वैभव शर्मा, यासीन खान, मनोज यादव समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। काशीनगर में आयोजित नुक्कड़ सभा में मंत्री श्री देवांगन ने सांसद पर तंज कसते हुए कहा की श्रमिक और श्रमिक बस्तियों से ज्योत्सना महंत ने पूरे पांच साल से दूरी बना कर रखी रही, कांग्रेस झूठे वादे कर पिछले चुनाव जीत गई थी, चुनाव जीतकर कोरबा से गायब हो गई।

# भाजपा का हर घर झंडा अभियान बाकी मंडल से भी शुरू हुआ

### अजा मोर्चा के प्रदेश मंत्री सुनीता के शक्ति केन्द्र से प्रारंभ

**कोरबा(विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के बूथ संकल्प अभियान के तहत कल रविवार को वार्ड क्रमांक 61 आदर्श नगर कुसमुंडा के शक्ति केन्द्र 61 में हर घर झंडा लगाकर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के पक्ष में वोट की अपील प्रदेश मंत्री सुनीता पाटले और बांकि मोगरा मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है। भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री श्रीमती सुनीता पाटले के नेतृत्व में कल रविवार को बाकी मोंगरा मंडल के महामंत्री मनीष मिश्रा , शक्ति केन्द्र प्रभारी संतोष राठौर के साथ वार्ड क्रमांक 61 के आदर्श नगर कुसमुंडा में सभी के घरों घर में झंडा बांधा जा रहा है। भाजपा के पक्ष में वोट को लेकर लोगो से अपील भी की जा रही है की लोकसभा में सरोज पांडेय को वोट करें। झंडा अभियान से एक माहौल बन रहा है कालोनी में। झंडा अभियान में उनके साथ मुकुल कर्ष , विकेश झा, गुरुदीप सिंह, केपी पाटले, सालिक राम दुबे, रितेश कुमार, महिला मोर्चा से सरीता सिंह, गंगा रेड्डी, जया त्रिवेदी, लक्ष्मी मरकाम, सविता गभेल, रमा बाई, उर्मिला साहू, सुनीता नागले, संगीता, शुशीला, हेमलता सहित भाजपा एससी मोर्चा सहित महिला मोर्चा के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता अभियान में शामिल हुए।

# विशेष अभियान चलाकर दो दिनों में 143 स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंट तामील किया गया

### 37 साल और 32 साल से फरार वारंटी को भी विशेष अभियान के तहत पकड़ा गया

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बेसिक पुलिसिंग के तहत जिले में शांति व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के लिए फरार वारंटियों के विरुद्ध विशेष अभियान के निर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री यूबीएस चैहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना प्रभारी के द्वारा कार्यवाही किया गया है। पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा लगातार 2 दिनों से सभी थाना क्षेत्रान्तर्गत फरार वारंटियों की सूची तैयार कर थाना स्तर पर टीमें बनाई गई है जिसके द्वारा सक्रिय मुखबीरों से सूचनाओं लेकर एवं दीगर जिले के फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दिया गया। विशेष कर कई सालों से फरार वारंटियों की भी पता तलाश कर दबिश दिया गया (गंभीर अपराध चोरी, लुट 420 आदि) में संलिप्त वारंटियों की गिरफ्तारी की गई। कोरबा पुलिस के द्वारा 50 स्थाई वारंट और 93 गिरफ्तारी वारंट कुल 143 वारंट तामील किए गए। थाना बाल्को के द्वारा 37 साल और 32 साल से फरार 2 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया। चैकी मानिकपुर के द्वारा 15 साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना पसान के द्वारा 9 साल पुराने 1 स्थाई वारंटी को पकड़ कर जेल दाखिल किया। उसी तरह थाना बांगो और चैकी रजगामार के द्वारा 8 साल से फरार 3 स्थाई वारंटी को तामील किया। ज्ञात हो कि पहले भी कोरबा पुलिस के द्वारा ये अभियान चलाया गया था जिसमें कुल 173 वारंट की तामिली की गई थी। इस अभियान में जिले के सभी थाना ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और वारंटी की गिरफ्तारी इनके द्वारा किया गया।

# बालको ने समुदाय के साथ धूमधाम से मनाया उन्नति उत्सव

### स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को उद्यमशीलता कौशल को निखारने का अवसर दिया

### प्रेरणादायक लोगों को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया

**बालकोनगर(विश्व परिवार)।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में सामुदायिक विकास कार्यक्रम की 'उन्नति परियोजना' के अंतर्गत 'उन्नति उत्सव' का तीसरा वार्षिकोत्सव सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय की महिलाओं में




उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में प्रदर्शनी के माध्यम से उद्यमशीलता कौशल से संपन्न और स्वयं सहायता समूहों में संगठित महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें सजावट की वस्तुओं, खाद्य पदार्थों तथा स्वास्थ्य और स्वच्छता उत्पादों की एक श्रृंखला शामिल थी। इस आयोजन में समुदाय की 650 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया जिन्हें वित्तीय आत्मनिर्भरता के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्नति उत्सव के तीसरे वार्षिकोत्सव में समुदाय की महिलाओं के लिए विभिन्न खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम को शामिल किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने छत्तीसगढ़ के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाते हुए स्थानीय नृत्य कर्मा और राउत का प्रदर्शन किया। सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए उन्होंने महिला सशक्तिकरण, माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन, उद्यमिता और लड़कियों की शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को संबोधित करने वाले नाटकों और प्रदर्शनों का मंचन किया। प्रभावशाली नाटकों, सांस्कृतिक प्रदर्शनों, पुरस्कार समारोह और स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के स्टालों के साथ मनोरम प्रदर्शनी की विशेषता वाले उन्नति उत्सव में 1000 से अधिक व्यक्तियों ने भागीदारी की। आयोजन ने एसएचजी की महिलाओं के लिए प्रचार और कमाई के अवसर प्रदान करने का मंच भी दिया जिन्होंने आम आगंतुकों के लिए खुली प्रदर्शनी में अपने हस्तनिर्मित भोजन और सजावट की वस्तुओं के साथ स्टॉल लगाए थे। 'उन्नति' बालको की प्रमुख सामुदायिक विकास परियोजना है जो महिला स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) को सशक्त बनाने और संगठित करने तथा उद्यमिता एवं स्थायी आजीविका के निर्माण के लिए उनकी क्षमताओं और कौशल का सम्मान करते हुए उन्हें निखारने पर केंद्रित है। बालको ने प्रोजेक्ट उन्नति के तहत गोंकरा लोक कला (छत्तीसगढ़ की स्थानीय कला), छत्तीसा (स्थानीय व्यंजन), मिट्टी की मूर्तियाँ, भित्ति कला, मशरूम की खेती, पेपर बैग सहित 12 उत्पादों की पेशकश करने वाली 7 सूक्ष्म उद्यम इकाइयाँ स्थापित की हैं।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार



## व्यापार समाचार

### वित्त वर्ष 24 में स्मॉल कैप शेयरों में 63 प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** वित्त वर्ष 2024 भारतीय शेयर बाजार के लिए फायदेमंद साबित हुआ। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि लार्ज कैप ने 33 प्रतिशत का रिटर्न दिया, मिडकैप में 56 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और स्मॉल कैप ने प्रभावशाली 63 प्रतिशत के साथ शानदार प्रदर्शन किया। वित्त वर्ष 2024 में अर्थव्यवस्था में विकास से बाजार को बल मिला। वर्ष के दौरान तिमाही दर तिमाही आधार पर जीडीपी का पूर्वानुमान 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया गया। उन्होंने कहा कि निफ्टी 50 इंडेक्स के लिए सालाना 23-24 फीसदी ईपीएस पूर्वानुमान के साथ कॉर्पोरेट आय वृद्धि में तेजी आई। प्रत्यक्ष निवेश के साथ-साथ म्यूच्यूअल फंड के माध्यम से निवेश द्वारा समर्थित खुदरा प्रवाह मजबूत बना रहा। घरेलू निवेशकों के ट्रेडिंग खातों की संख्या 16.7 करोड़ तक पहुंच गई, जो बाजार में बढ़ती भागीदारी को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि इसके आलावा, मंदी का सामना कर रहे अन्य उभरते बाजारों की तुलना में भारत के बेहतर प्रदर्शन से उत्साहित एफआईआई ने शुद्ध खरीदारी गतिविधि में सुधार दिखाया। हालांकि, 20 मार्च तक भारी बिकवाली दबाव के साथ, साल का अंत मंदी से हुआ। फिर भी, हाल के कारोबारी सत्रों में बाजार में कुछ राहत मिली है। लीवरेज्ड बिकवाली का दबाव कम हो गया है और खरीद गतिविधि में सुधार हुआ है, भले ही कम मात्रा में हो। उन्होंने कहा, अप्रैल के आने वाले पहले सप्ताह में, अमेरिका और भारत में पीएमआई, फैक्ट्री ऑर्डर और अमेरिका में बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण डेटा जारी होने की उम्मीद है। इसके आलावा, नीतिगत दरों में विशेष रूप से आरबीआई से संकेतों पर निवेशकों की नज़र रहेगी। उन्होंने कहा, हम एक नए वित्तीय वर्ष में जा रहे हैं, हमें फार्मा, कैपिटल गुड्स और इंफ्रा जैसे सेक्टर से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा, हालांकि वर्तमान में एफएमसीजी और आईटी जैसे कुछ सेक्टर को कम मांग के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, हम सामान्य मानसून और फेड की दर में कटौती के बाद अमेरिकी मांग में वृद्धि के कारण बदलाव की उम्मीद करते हैं।

### वेस्टर्न डिजिटल ने सीसीटीवी स्टोरेज के लिए अतिआवश्यक फीचर्स के बारे में बताया

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** सीसीटीवी एप्लीकेशंस के विकसित होते परिवेश में सिक्योरिटी के लिए पारंपरिक क्षेत्रों के अलावा अन्य विभिन्न सेक्टर्स जैसे रिटेल मैनेजमेंट और परिवहन में भी स्मार्ट वीडियो का महत्व बढ़ा है। यूज़र-फ्रेंडली विकल्पों से लेकर आधुनिक आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (एआई) युक्त डिवाईसेज़ तक विभिन्न कैमरों की उपलब्धता के साथ भारत में सीसीटीवी बाजार के तेजी से विस्तार करते हुए 3.30 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2028 तक 8.43 बिलियन डॉलर तक पहुँच जाने की संभावना है7 स्मार्ट वीडियो सेटअप के महत्वपूर्ण तत्वों में विशेष स्टोरेज की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रभावी सीसीटीवी ऑपरेशंस के लिए अत्यधिक क्षमता वाले स्टोरेज समाधानों की जरूरत है, ताकि 24/7 वीडियो कैप्चर संभव हो सके। इसके लिए एक विशाल स्टोरेज में निवेश करना बहुत जरूरी है, फ्रि चाहे वह ऑन-कैमरा माईक्रो एसडीटीएम काड्‌र्स में हो या हार्ड डिस्क ड्राईव में। वेस्टर्न डिजिटल द्वारा डब्लूडी पर्पल प्रो स्मार्ट वीडियो एचडीडी 22 टीबी तक की स्टोरेज क्षमता प्रदान करती है, जो सीसीटीवी सेटअप के लिए अति उत्तम है। इसी प्रकार ऑन-कैमरा स्टोरेज विकल्प, डब्लूडी पर्पल एससी क्यूडी101 अल्ट्रा एंड्योरेंस माईक्रो एसडी कार्ड 1 टीबी तक की स्टोरेज क्षमताएं प्रदान करता है। वेस्टर्न डिजिटल के सीनियर डायरेक्टर, सेल्स, इंडिया, खालिद वानी ने कहा, ''डब्लूडी पर्पल पोर्टफोलियो को सीसीटीवी की विकसित होती हुई जरूरतों के अनुरूप बनाया गया है, ताकि 22 टीबी तक के डब्लूडी पर्पल प्रो स्मार्ट वीडियो एचडीडी जैसे उच्च क्षमता के समाधान प्रदान किए जा सकें। 24/7 विश्वसनीयता के लिए डिज़ाईन किए गए हमारे डब्लूडी पर्पल माईक्रोएसडी कार्ड अत्यधिक सहनशील हैं। डब्लूडी पर्पल प्रो ड्राईव्स में ऑलफ्रेम एआई टेक्नॉलॉजी है, जो सिस्टम में सुगम वीडियो प्लेबैक सुनिश्चित कर डीप लर्निंग एनालिटिक्स को सपोर्ट करती है।'' सीसीटीवी स्टोरेज सॉल्यूशंस के लिए ज्यादा सहनशीलता जरूरी होती है, ताकि वो चुनौतीपूर्ण मौसम में भी काम कर सकें और डाउनटाईम कम से कम हो। कैमरों को लगाने के मुश्किल स्थानों के कारण ज्यादा सहनशीलता वाले स्टोरेज समाधानों को चुनना बहुत आवश्यक हो जाता है।

### हायर इंडिया ने हेक्सा इन्वर्टर टेक्नोलॉजी के साथ एयर कंडीशनर की अपनी सुपर हेवी-ड्यूटी रेंज लॉन्च की

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** लगातार 15 सालों से नंबर 1 ग्लोबल मेजर एप्लायंस ब्रांड 'हायर अप्लायंसेज इंडिया' ने सुपर हेवी-ड्यूटी एयर कंडीशनर की अपनी नवीनतम रेंज लॉन्च की है। हेक्सा इन्वर्टर और सुपरसोनिक कूलिंग टेक्नोलॉजी के साथ यह नई रेंज 20 गुना तेज कूलिंग और 65त्न बिजली की बचत करने में सक्षम है। हायर इंडिया ने कस्टमर्स -इंस्पायर्ड इनोवेशन्स को तैयार करने और उन्हें बदलती जरूरतों के अनुकूल बनाने में अपना समर्पण जारी रखा है। नई रेंज मार्केट में एक हाई स्टैंडर्ड सेट करती है क्योंकि हेक्सा इन्वर्टर टेक्नोलॉजी, केवल 10 सेकंड में सुपरसोनिक कूलिंग, फ्रॉस्ट सेल्फ-क्लीन टेक्नोलॉजी और इंटेली कन्वर्टिबल 7-इन-1 जैसे एडवान्स फीचर्स पर बेस्ड है। समर में क्विक कूलिंग की मांग को पूरा करने और कस्टमर्स की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए, नई रेंज इनोवेशन, डिजाइन और ऊर्जा कुशलता को संगठित रूप से एकीकृत करती है। हायर अप्लायंसेज इंडिया के प्रेजिडेंट एनएस सतीश ने लॉन्च पर कहा, हायर में, हम नई टेक्नोलॉजीज बेस्ड प्रोडक्ट्स को डिजाइन करने में विश्वास करते हैं, जो हमारे कस्टमर्स के जीवन को आसान, सुविधाजनक और आरामदायक बनाते हैं। भारत एक्सट्रीम वेदर का अनुभव करता है, विशेषकर भीषण गर्मियों में। इन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए हमने अत्यधिक तापमान में सुपर कूलिंग सुनिश्चित करने और यहां तक कि आराम, विश्वसनीयता और प्रदर्शन को अधिकतम करने के लिए हेक्सा इन्वर्टर टेक्नोलॉजी के साथ इनर्जी सेविंग का ख्याल रखने के लिए सुपर हेवी-ड्यूटी एयर कंडीशनर की नई रेंज डिजाइन की है।

# दिल्ली कैपिटल्स ने सीएसके को 20 रन से हराया

**आईपीएल 2024**




**विशाखापत्तनम( एजेंसी )।** यहां रविवार को खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 13वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज खलील अहमद (2-21) और मुकेश कुमार (3-21) ने शानदार गेंदबाजी करते हुए गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को 171/6 पर रोक दिया और अपनी पहली जीत दर्ज की। महेंद्र सिंह धोनी की 16 गेंदों में नाबाद 37 रनों की जादुई पारी के बावजूद सीएसके 20 रन से हार गई। यहां के डॉ. वाई.एस.राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खलील ने ओपनर रुतुराज गायकवाड़ और रचिन रवींद्र के विकेट लेकर सीएसके को चौंका दिया। खलील ने पावर-प्ले में गेंदबाजी करते हुए 2-21 का स्कोर बनाया। मुकेश कुमार ने चेन्नई सुपर किंग्स की मुश्किलें बढ़ाना जारी रखा। उन्होंने लगातार दो विकेट लिए और तीन ओवरों में 21 रन देकर तीसरा विकेट भी ले लिया। ऋषभ पंत ने चेन्नई सुपर किंग्स को दबाव में रखने के लिए सात गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की जादुई पारी के बावजूद सीएसके मैच हार गई। धोनी ने मैच के अंत में पांच बार के चैंपियन के लिए 16 गेंदों में नाबाद 37 रनों की शानदार पारी खेली। पंत के टॉस जीतने के बाद,डेविड वार्नर और कप्तान ने अर्धशतक लगाए और पृथ्वी शॉ ने 27 गेंदों में 43 रन बनाए, जिससे दिल्ली कैपिटल्स 20 ओवरों में 191/5 रन बनाने में सफल रही। इसके बाद खलील और मुकेश कुमार की अगुवाई में गेंदबाजों ने मोर्चा संभाला और दिल्ली कैपिटल्स ने दो हार के बाद अपने अभियान को पटरी पर ला दिया और सीएसके को घरेलू मैदान पर दो जीत के बाद पहली हार का सामना करना पड़ा। अनुभवी तेज गेंदबाज खलील अहमद ने पहले ओवर की अतिरिक्त गेंद पर गायकवाड़ (1) को पंत के हाथों कैच कराया। रवींद्र (2) भी ज्यादा देर तक टिक नहीं सके। अजिंक्य राणे और डेरिल मिशेल ने तीसरे विकेट की साझेदारी के लिए 68 रन बनाए। रहाणे ने कुछ शानदार शॉट लगाए और 30 गेंदों में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 45 रन बनाए। डेरिल मिशेल ने 26 गेंदों पर 34 रन बनाए। अंत में, रवींद्र जड़ेजा और महेंद्र धोनी ने कुछ शानदार शॉट लगाए। जडेजा ने 17 गेंदों में 21 रन बनाए, जबकि धोनी 16 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए, जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल हैं। दिल्ली कैपिटल्स 20 रन से हार गई, क्योंकि घरेलू टीम के मैच जीतने का सिलसिला जारी रहा और 13 में से 12 मैच मेजबान टीम के पक्ष में गए।

## जैनिक सिनर ने जीता मियामी ओपन खिताब




**फ्लोरिडा( एजेंसी )।** मियामी ओपन 2021 और 2023 में उपविजेता रहे जैनिक सिनर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में पुरुष एकल फाइनल में ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-3, 6-1 से हराकर मियामी ओपन 2024 खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलियन ओपन और रॉटरडैम के बाद इस साल वर्ल्ड नंबर 3 खिलाड़ी के लिए यह तीसरा खिताब है। इस सीजन में उनका स्कोर 22-1 है और मियामी ओपन जीतने वाले पहले इटालियन हैं। इस शानदार प्रदर्शन के बाद वो जल्द रैंकिंग में एक पायदान ऊपर नंबर 2 पर पहुंच जाएंगे। जैनिक सिनर ने कहा, यह मेरे लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन था। खासतौर पर सेमीफ़ाइनल और फ़ाइनल मेरे लिए अधिक महत्वपूर्ण है। रैंकिंग में नंबर 2 पर पहुंचना मेरे लिए अद्भुत अहसास है। खेल एक अलग चीज है और जीवन उससे बहुत अलग है। मैं यहां पहुंच कर खुश हूं और हर पल का आनंद ले रहा हूं। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले सेट में, पांचवें और नौवें गेम में दो ब्रेक प्वाइंट को भुनाया और 42 मिनट में सेट समाप्त किया। दूसरे सेट में, सिनर को चौथे और छठे गेम में भी दो ब्रेक मिले और स्कोर को 5-1 तक ले गए। इसके बाद उन्होंने 1 घंटे और 13 मिनट में जीत हासिल की।उन्होंने फर्स्ट सर्व प्वाइंट के 88 प्रतिशत अंक (24 में से 21) जीते। जहां तक सीज़न के शेष भाग की बात है, सिनर को अभी भी लगता है कि बहुत कुछ सुधार किया जाना बाकी है।

## चेन्नई के खिलाफ जीत के बाद भी ऋषभ पंत को लगा बड़ा झटका, स्लो ओवर रेट के चलते मिली बड़ी सजा!




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर आईपीएल 2024 में अपनी पहली जीत हासिल की. बीते रविवार विशाखापटनम के डॉ. वाई. एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ऋषभ पंत की अगुवाई वाली दिल्ली ने चेन्नई को 20 रनों से हराया, लेकिन अब पंत को इस जीत के बाद भी तगड़ा झटका लगा है. सीएसके के खिलाफ मैच में दिल्ली के कप्तान ने बड़ी गलती कर दी, जिसके लिए उन्हें बड़ी सज़ा मिली. दरअसल चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले में स्लो ओवर रेट के चलते दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर जुर्माना लगा. यह टूर्नामेंट में दिल्ली कैपिटल्स का न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत पहला मामला था, जिसके लिए उन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया ग.या है. बता दें कि इससे पहले आईपीएल 2024 में गुजरात के कप्तान शुभमन गिल पर भी यह जुर्माना लगाया जा चुका है. 26 मार्च गुजरात ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एम चिदंबरम स्टेडियम में मुकाबला खेला था. इस मैच में गुजरात के कप्तान शुभमन गिल पर भी स्लो ओवर रेट के चलते 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा था. इस मैच में टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. टीम ने ऋषभ पंत और डेविड वॉर्नर की अर्धशतकीय पारी की मदद से दिल्ली के सामने 192 रनों का लक्ष्य रखा है. टीम के लिए डेविड वॉर्नर ने 52 और कप्तान ऋषभ पंत ने 32 गेंदों में 159.38 के स्ट्राइक रेट से 51 रनों की पारी खेली. पंत ने अपनी पारी में 4 चौके और 3 छक्के लगाए. फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स को भले ही हार सामना करना पड़ा, लेकिन पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने अपनी बैटिंग से महफिल लूट ली.

## इंडियन ऑयल पैनासोनिक के साथ मिलकर देश में ही बनायेगी सिलिंड्रिकल लिथियम-आयन सेल




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सार्वजनिक तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और जापान के पैनासोनिक समूह की पैनासोनिक एनर्जी कंपनी मिलकर देश में ही दुपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए सिलिंड्रिकल लिथियम-आयन सेल और ऊर्जा भंडारण प्रणाली बनायेगी। दोनों कंपनियों ने इसके लिए एक संयुक्त उद्यम बनाने के लिए एक बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इंडियन ऑयल ने रविवार को बताया कि वह पैनासोनिक एनर्जी के साथ मिलकर देश में स्वच्छ ऊर्जा की तरफ यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए बैटरी प्रौद्योगिकी के उपयोग के संबंध में व्यवहार्यता अध्ययन कर रही है, जिसका उद्देश्य इस वर्ष की गर्मियों तक अपने सहयोग के विवरण को अंतिम रूप देना है। कंपनियां भारत की आत्मनिर्भरता में सुधार और वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में देश की स्थिति को मजबूत करने के लिए स्थानीय विनिर्माण आपूर्ति श्रृंखला पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने में निवेश करने की योजना बना रही हैं। इंडियन ऑयल ने एक बयान में कहा कि इससे देश के भीतर कच्चे माल की सोर्सिंग की मांग पैदा होगी, घरेलू मूल्यवर्धन बढ़ेगा और अत्यधिक कुशल सेल प्रौद्योगिकी के मामले में देश के बैटरी उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी ने कहा कि उसका लक्ष्य पैनासोनिक एनर्जी के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से सीओ2 उत्सर्जन को कम करने जैसी पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करना है। बैटरी विकास और विनिर्माण में पैनासोनिक एनर्जी की विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, दोनों कंपनियां एक स्थायी समाज के निर्माण में मदद करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए, लिथियम-आयन बैटरी उद्योग के विकास और भारत के ऊर्जा परिवर्तन में योगदान देने का प्रयास करेंगी।

## आर अश्विन हासिल करेंगे बड़ी उपलब्धि, धोनी-विराट के इस खास क्लब में होंगे शामिल



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** आईपीएल 2024 का 14वां मैच मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा. दोनों टीमें वानखेड़े के स्टेडियम में आमने-सामने होगी. इस सीजन में मुंबई इंडियंस पहली बार अपने घर पर खेलने उतरेगी. एक तरफ मुंबई है, जो जीत का खाता खोलने के इरादे से मैदान पर उतरेगी. तो दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स है, जो जीत की हैट्रिक लगाना चाहेगी. ऐसे में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर होना तय है. वहीं ये मैच राजस्थान रॉयल्स के दिग्गज स्पिनर आर अश्विन के लिए भी काफी खास रहने वाला है. वह इस मैच में एक खास दोहरा शतक पूरा करेंगे. आर अश्विन आईपीएल में अभी तक 199 मैच खेल चुके हैं. मुंबई इंडियंस के खिलाफ वह अपना 200वां आईपीएल मैच खेलने उतरेंगे. इसी से साथ रविचंद्रन अश्विन आईपीएल में 200 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की इस खास लिस्ट में शामिल हो जाएंगे. इस लिस्ट में एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज शामिल हैं. बता दें कि आर अश्विन ने साल 2009 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अपना आईपीएल डेब्यू किया था. इसके बाद वह राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स, पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रह चुके हैं.

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में विकास के नए युग का सूत्रपात करने के लिए डिजिटाइजेशन की रणनीति को बढ़ावा दिया

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा के साथ पहले ही नए युग का सूत्रपात कर दिया था। नए युग की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए कंपनी ने यूजर के जुड़ाव, उपभोक्ताओं को कंपनी की योजनाओं में शामिल करने और डिजिटाइजेशन की ओर बढ़ते हुए कई डिजिटल गतिविधियों की शुरुआत की है। इससे बिक्री में काफी उछाल आया है और कंपनी अपने ग्राहकों या प्रशंसकों के ज्यादा नजदीक पहुंची।

स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने कहा, ''लगातार बदलते डिजिटल फ्लक, प्लेटफॉर्म और मीडियम को देखते हुए उपभोक्ताओं के अनुभव और उनके सफर को यादगार बनाने के लिए नए

तरीकों को अमल में लाना बहुत जरूरी हो गया है। हमारी डिजिटल रणनीति यह सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन की गई है कि हमारे प्रॉडक्ट्स और सर्विसेज उपभोक्ताओं और फैंस तक उनके पसंदीदा रूप में पहुंचे। अभी तक कंपनी को नेम योर स्कोडा कैंपेन के तहत अपनी जल्द ही लॉन्च होने वाली ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए 1,50,000 एंट्रीज या नामों के सुझाव मिले हैं। हाल ही मे कंपनी का 24 घंटे का डिजिटल कैंपेन समाप्त हुआ, जिसमें कंपनी ने भारत में अपने कार्यकाल के 24 वर्ष पूरा करने का जश्न मनाते हुए एक दिन या 24 घंटे में 709 स्कोडा कारों की बुकिंग की। हमने स्कोडा गियर हेड्स कम्युनिटी के माध्यम से स्कोडावर्स इंडिया एनएफ्टी को और विस्तार दिया है। इसके साथ हम बड़े और विविधता से भरपूर मार्केट में ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं तक पहुंचने के लिए निरंतर नई पहल कर रहे हैं और नई रणनीति को अपना रहे हैं।''

इस कैंपेन से यूजर्स, उपभोक्ताओं और स्कोडा के फैंस कंपनी से अपना जुड़ाव और कंपनी की नई पहल में शामिल होने में कामयाब हुए हैं। इस कैंपेन के तहत उपभोक्ताओं को स्कोडा ऑटो इंडिया की नई कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए नए नाम का सुझाव दिया। कंपनी की नई कॉम्पैक्ट एसयूवी 2025 में भारत की सड़कों पर दौड़ेगी।

## एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर बोर्ड ने संगीता जिंदल को नया अध्यक्ष नियुक्त किया



**मुंबई ( एजेंसी )।** एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर बोर्ड ने संगीता जिंदल को अपने निदेशक मंडल के नए अध्यक्ष के रूप में चुने जाने की घोषणा की है। उनकी नियुक्ति 1 अप्रैल, 2024 से प्रभावी हो गई है। एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर की सीईओ इनाक्षी सोबती ने कहा, ''मुझे एशिया सोसाइटी इंडिया सेंटर बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में संगीता जिंदल का स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने दक्षिण एशिया में हमारे मिशन को बहुत समर्थन दिया है और भारत और दक्षिण एशिया में समकालीन कला को सपोर्ट करने का उनका काम एक परिवर्तनकारी शक्ति रहा है। मैं दक्षिण एशिया में एशिया सोसाइटी के काम को मजबूत करने के लिए उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।''

संगीता जिंदल आर्ट इंडिया की प्रेसिडेंट और जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की चेयरपर्सन हैं। यह फाउंडेशन जेएसडब्ल्यू ग्रुप ऑफ कंपनीज की सामाजिक विकास परियोजनाओं के लिए जिम्मेदार है। पिछले बीस वर्षों में वह जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन का नेतृत्व कर रही हैं, इसने शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका सृजन, स्थानीय खेल विकास और कला और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों का दायरा बढ़ाया है। उन्होंने 1992 में जिंदल आर्ट्स सेंटर की स्थापना की और 1994 में भारत की प्रमुख कला पत्रिका 'आर्ट इंडिया' की स्थापना की। वह काला घोड़ा कला महोत्सव की संकल्पना करने वाली टीम में शामिल थीं और उन्हें 2004 में आइजनहावर फैलोशिप से सम्मानित किया गया था। उन्होंने हम्पी फाउंडेशन की स्थापना की है जिसने हम्पी में तीन मंदिरों में संरक्षण कार्य का जिम्मा उठाया। वह एशिया सोसाइटी की ग्लोबल ट्रस्टी और राष्ट्रीय संस्कृति कोष के निदेशक मंडल की सदस्य हैं। साथ ही, विश्व स्मारक कोष की ट्रस्टी, टेडएक्स गेटवे की एडवाइजर और आईएमसी लेडीज विंग कला, संस्कृति और फिल्म समिति की सदस्य भी हैं।

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, बुधवार 03 अप्रैल 2024



## आत्मानंद शासकीय स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया की शुरूवात 10 से

**रायपुर (विसं)।** पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश भर में अनेक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल खुलवाए गए थे। इस शिक्षा सत्र में इन स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरु होने जा रही है। लोक शिक्षण संचालनालय ने इन स्कूलों में प्रवेश के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस बार भी इसमें लॉटरी पद्धति से एडमिशन की प्रक्रिया अपनायी जाएगी। छत्तीसगढ़ में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल में दाखिले के लिए 10 अप्रैल से आवेदन जमा होना शुरु हो जाएगा। इस संबंध में जारी निर्देश में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि प्रत्येक कक्षा की रिक्त सीटों में से 50 प्रतिशत छात्राओं के लिए आरक्षित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएमआर में रोबोटिक्स और थ्री-डी प्रिंटिंग के अनुप्रयोग पर चर्चा करेंगे चिकित्सक

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** फिजिकल मेडिसिन एंड रिहेब्लिटेशन (पीएमआर) में आ रहे बदलावों और इसमें रोबोटिक्स एवं थ्री-डी प्रिंटिंग सहित विभिन्न तकनीक और नई दवाओं के बढ़ते उपयोग पर विमर्श के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में दो दिवसीय कार्यशाला और सीएमई 4-5 अप्रैल के मध्य आयोजित की जाएगी। आयोजन सचिव डॉ. जयदीप नंदी ने बताया कि सीएमई में सात प्रमुख विषयों पर देशभर के प्रमुख पीएमआर विशेषज्ञ नए चिकित्सकों को महत्वपूर्ण जानकारी देंगे। उन्होंने बताया कि मस्तिष्क, न्यूरोजेनिक ब्लेडर और रीढ़ की हड्डी के रोगियों को पुनर्वास की आवश्यकता होती है। इन रोगियों के चिकित्सीय प्रबंधन के लिए यह सीएमई आयोजित की जा रही है। इसमें देशभर के 24 प्रमुख चिकित्सक व्याख्यान देंगे। आयोजन एम्स के पीएमआर विभाग और इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिकल मेडिसिन एंड रिहेब्लिटेशन के तत्वावधान में किया जा रहा है।

### ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी राजेश कुमार शुक्ला के नाम से साइबर ठगी की कोशिश

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला की फोटो का इस्तेमाल कर साइबर ठगी का प्रयास किया जा रहा है। अज्ञात व्यक्ति व्दारा सोशल मीडिया में राजेश कुमार शुक्ला की प्रोफाइल फोटो (डीपी) लगाकर उनसे संबंधित लोगों को वाट्सएप पर फर्जी मैसेज भेजकर ठगी करने की कोशिश की जा रही है। उनके सभी संपर्क में रहने वाले लोगों को फर्जी मैसेज भेजे जा रहे हैं। श्री शुक्ला ने लोगों को जागरूक करने के लिए मैसेज भेजकर कहा है कि 9913599513 मोबाइल नंबर से लोगों को भेजे जा रहे मैसेज फर्जी हैं। इस नंबर या और अन्य किसी भी नंबर से मैसेज प्राप्त हो तो उसमें प्रतिक्रिया ना दें। ऐसे फर्जी व्यक्तियों से सावधान रहे अन्यथा धोखाधड़ी हो सकती है। इस संबंध में साइबर पुलिस को भी समुचित कार्रवाई करने के लिए सूचित किया गया है।

### आचार संहिता लागू होने के बाद निगरानी दलों द्वारा 30 करोड़ 47 लाख की नगदी और वस्तुएं जब्त

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्य में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 1 अप्रैल तक की स्थिति में 30 करोड़ 47 लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें 9 करोड़ 11 लाख रुपए की नगद राशि शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान विगत 1 अप्रैल तक 24 हजार 226 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 56 लाख रुपए है। साथ ही 1 करोड़ 60 लाख रुपए कीमत की 885 किलो अन्य नशीली वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। सघन जाँच अभियान के दौरान 1 करोड़ 64 लाख रुपए कीमत के 24.16 किलोग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां, जिनकी कीमत 17 करोड़ 58 लाख रुपए है, भी जब्त की गई हैं।

## वृद्ध, निःशक्त एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र में मिलेगी विशेष सुविधाएं

लोकसभा निर्वाचन-2024

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान दिव्यांग, वृद्धजन और नि:शक्त मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत दिव्यांग, वृद्धजन एवं नि:शक्त मतदाताओं को मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसका पूर्णत: पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र में दिव्यांग, वृद्धजन एवं नि:शक्त मतदाताओं हेतु पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएंगी। इसके साथ ही दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मतदान केंद्र को भू-तल में रखा जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र भवन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में पहुंच योग्य सड़क होनी चाहिए। मतदान केंद्र में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड, दिव्यांग मतदाताओं के अनुकुल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपयुक्त ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित होना चाहिए।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान दिवस को दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के सहयोग के लिए एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड स्वयंसेवकों की नियुक्ति किए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया है। मतदान केंद्र पर मतदान हेतु आने वाले दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को कतार से मुक्ति देते हुए मतदान हेतु वरीयता प्रदान किया जाए। मतदान कक्ष में दिव्यांग मतदाताओं की विशेष जरूरतों के संबंध में मतदान कर्मियों को संवेदनशील और जागरूक बनाने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान तिथि को मांगे जाने पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को उनके घर से लाने एवं मतदान पश्चात् उन्हें वापिस उनके घर तक छोड़ने हेतु नि:शुल्क परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी। मतदान केंद्र पर दृष्टिबाधित व्यक्ति को अपने साथ सहयोगी के रूप में एक साथी को ले जाने हेतु अनुमति है। मतदान केंद्रों पर दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा हेतु ब्रेल लिपि में डमी मतपत्र मुद्रित कराकर रखे जाने के भी निर्देश हैं जिसे मांगे जाने पर संबंधित मतदाता को उपलब्ध कराया जाना है। दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा हेतु ईवीएम मशीन पर ब्रेल लिपि में प्रत्याशियों का नाम मुद्रित कराया जाए। मतदान केंद्र पर स्थापित होने वाले मतदाता सहायता बूथ की स्थिति की जानकारी दिव्यांग मतदाताओं को देने हेतु साइनेज चस्पा किया जाए। दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं में से इच्छुक अनुपस्थित मतदाताओं के द्वारा विकल्प देने पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर से ही मतदान की सुविधा प्रदान की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं हेतु सक्षम एप की सुविधा भी उपलब्ध कराई है।

## सौम्या चौरसिया और रानू साहू से पूछताछ की एसीबी-ईओडब्लू को मिली अनुमति

**रायपुर ( आरएनएस )।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार में हुए बहुचर्चित कोल घोटाले के आरोप में जेल में बंद सौम्या चौरसिया और रानू साहू से एसीबी ईओडब्लू को पूछताछ की अनुमति मिल गई है। 4,5 और 7 अप्रैल को ईओडब्ल्यू की टीम जेल में पूछताछ करेगी। ईडी की रिपोर्ट पर पिछले माह एफआईआर के बाद ईओडब्ल्यू सौम्या चौरसिया,रानू साहु से पहली बार जेल में पूछताछ करेगी। पहले चरण में 29-1 अप्रैल तक ईओडब्ल्यू 7 आरोपियों से कर चुकी है। पूछताछ में सौम्या चौरसिया और रानू साहू कुछ बड़े खुलासे भी कर सकती हैं, जिससे पूर्ववत सरकार के अनेक मंत्री और अधिकारी भी घेरे में आ सकते हैं।

## बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर ने बीएमसी वॉकथॉन 2024 का आयोजन किया




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर ने बीएमसी वॉकथॉन 2024 - वॉक फॉर 'ए' लाइफ का आयोजन किया। वाल्कथॉन का मुख्य उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता को बढ़ाना है। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न आयु वर्ग के 2000 से अधिक प्रतिभागियों ने एक साथ हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती ज्योति अग्रवाल, एसटीएल के उपाध्यक्ष एवं पूर्णकालिक निदेशक और स्टरलाइट पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष, श्री प्रवीण अग्रवाल और वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की मेडिकल निदेशक डॉ. भावना सिरोही सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा वॉकथॉन का उद्घाटन किया गया।

बीएमसी वॉकथॉन 2024 में रायपुर सेहर के विभिन्न स्तर से प्रतिभागी एकत्रित हुए जिनमे छत्तीसगढ़ हॉर्स राइडिंग क्लब का विशेष योगदान था, जो इस उद्देश्य के लिए प्राप्त व्यापक समर्थन को दर्शाता है। मौजूद लोगो का मनोबल और उत्तेजना बढ़ने के लिए जुम्बा का आयोजन किया गया। वॉक का मार्ग मरीन ड्राइव से घडी चौक तक था। पूरे कार्यक्रम के दौरान, सभी प्रतिभागियों को जलपान प्रदान किया गया और आयोजन स्थल पर कार्यक्रम के बाद पौष्टिक नाश्ता प्रदान किया गया। वॉक के बाद, रायपुर के सिटी ट्रैफिक विभाग द्वारा मंच से सड़क सुरक्षा पर एक नाटक के माध्यम से जागरूक किया जिसका नेतृत्व ट्रैफिक एआईजी संजय शर्मा ने किया, जिसमें हमारी सड़कों पर सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, आगामी चुनाव में मतदान को बढ़ाने के लिए भारत के चुनाव आयोग के अधिकारियों ने एक शपथ समारोह के साथ कार्यक्रम को संपन्न किया।

बीएमसी वॉकथॉन 2024-वॉक फॉर ए लाइफ सीज़न 2 न केवल कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि एक उज्जवल, स्वस्थ भविष्य की आशा को प्रेरित करने के लिए एकजुटता और सक्रियता की भावना पर भी प्रकाश डाला।

## उत्कल दिवस समारोह में शामिल हुए राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन गत दिवस प्रो. जे.एन. पाण्डेय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान रायपुर में आयोजित 'उत्कल दिवस' समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि वर्ष 1936 में ओड़िशा को एक स्वतंत्र प्रदेश के रूप में मान्यता मिली थी। ओड़िशा का इतिहास और यहां की वीरगाथा पूरी दुनिया में अनूठी है। ओड़िशा की भाषा, संस्कृति और कला को आगे बढ़ाने के लिए अनेक विभूतियों ने अपना योगदान दिया है। श्री मधुसूदन दास, पंडित गोपबंधुदास, नीलकंठ दास, फकीर मोहन सेनापति जैसे विभूतियों के योगदान को आज भी ओडिशा और भारत याद करता है।

राज्यपाल ने भाषा के आधार पर ओडिशा राज्य के गठन में योगदान देने वाले श्री मधुसूदन दास का विशेष उल्लेख किया। राज्यपाल ने कहा कि मातृ भूमि और मातृ भाषा के लिए प्रत्येक व्यक्ति के हदय में विशेष भाव होना चाहिए।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न समाज के लोगों को राज्यपाल ने सम्मानित किया। इसके पूर्व राज्यपाल श्री हरिचंदन ने ओड़िशा के प्रसिद्ध समाज सुधारक, स्वतंत्रता सेनानी और ओड़िशा राज्य के गठन में सक्रिय योगदान देने वाले विभूति श्री मधुसूदन दास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, सांसद श्री सुनील सोनी, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, श्री मोतीलाल साहू एवं उत्कल समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## स्वदेशी खादी महोत्सव 01 से 15 अप्रैल तक सजी पुनः छत्तीसगढ़ हाट






**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर के छत्तीसगढ़ हाट पंडरी में इन दिनों पुन: शिल्पियों एवम बुनकरों द्वारा 'स्वदेशी खादी महोत्सव प्रदर्शनी/बिक्री' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग प्रांतों के अलग-अलग किस्म के मटेरियल के साथ साथ विभीन्न प्रकार सिल्क मटेरियल एवम कपड़े ड्रेस मटेरियल ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहेंगे। इस खड़ी महोत्सव प्रदर्शनी में कश्मीरी सिल्क, मलवरी सिल्क, बनारसी सिल्क, मणिपुरी सिल्क पशमीना सिल्क-साड़ी भागलपुरी सिल्क, कोसा सिल्क सहित सैकड़ों अन्य घरेलू उपयोगिता की वस्तुओं से छत्तीसगढ़ हाट एक बार पुन: सज गया है। प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक नया कलेक्शन तकरीबन 70000 व्हेराइरियों का संग्रह है। इसके साथ ही साथ घरेलू उपयोगिता के आधार पर और भी बहुत सारी वस्तुओं का समावेश किया गया है प्रदर्शनी में हैंडलूम सिल्क एवं कॉटन वस्तुओं पर 10 प्रतिशत से लेकर के 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है या प्रदर्शनी 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक रायपुर छत्तीसगढ़ हाट बाजार पंडरी में रहेगी प्रदर्शनी में क्रेडिट और डेबिट कार्ड की सुविधा सभी स्टालों पर उपलब्ध है।

## 11 सीटों में मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहे हैं हम : दीपक बैज

**रायपुर ( विसं )।** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस जमीनी स्तर तक काम और गारंटी पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि सभी सीटों में पूरी ताकत के साथ लड़ रहे हैं. इसके साथ ही कांग्रेस की स्कीम महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी योजना को लेकर कहा कि इसका जबरदस्त रिस्पांस मिल रहा है. यह योजना माता और बहनों को आकर्षित कर रही है. कांग्रेस के पक्ष में कैसा माहौल है इस पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि लगभग पूरे प्रदेश का दौरा चल रहा है. चुनाव के रणनीति के तहत काम चल रही है. जिस तरह से रुझान आ रहा है. इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी को फायदा होगा. ग्यारह सीटों में मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहे हैं. प्रत्याशी जनता के बीच में जनसंपर्क कर रहे हैं.



दूसरे चरण के लिए आज नामांकन दाखिल किये जाने को लेकर दीपक बैज ने कहा कि आज दो लोकसभा क्षेत्र में नामांकन भरा जाएगा. राजनांदगांव में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के नामांकन में डॉ. चरणदास महंत उपस्थित रहेंगे और महासमुंद में मैं उपस्थित रहूंगा. नई उत्साह और ऊर्जा के साथ हम नामांकन रैली में जायेंगे. कांग्रेस की पांच गारंटी पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश के मुद्दे अलग हैं, देश के मुद्दे अलग हैं. इस वक्त हम देश का मुद्दा लेकर जा रहे हैं. पूरे देश की जनता वर्तमान पार्टी से त्रस्त है.

## सह-इन्क्यूबेशन के लिए NITRRFIE और PITEF के बीच समझौता ज्ञापन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर हमेशा से ही नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इसी तर्ज पर, संस्थान ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के नेशनल इनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हार्नेसिंग इनोवेशन (निधि)-टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर (टीबीआई) कार्यक्रम के तहत स्टार्टअप्स को समर्थन और सलाह देने के लिए एनआईटी रायपुर फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (NITRRFIE) नाम से एक गैर-लाभकारी टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर कंपनी की स्थापना की है।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर ने भी नवाचार, उद्यमिता विकास, स्टार्टअप इनक्यूबेशन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, बौद्धिक संपदा प्रबंधन, उद्योग सहयोग और नेटवर्किंग को बढ़ावा देने के लिए 'पीआरएसयू इनोवेशन टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप फाउंडेशन' (PITEF) के नाम से कंपनी अधिनियम 2013 की धारा-8 द्वारा शाषित एक गैर-लाभकारी कंपनी की स्थापना की है।

NITRRFIE ने PITEF के साथ 02-अप्रैल-2024 को एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए, जिसका प्राथमिक उद्देश्य सह-इन्क्यूबेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और सलाह आदि प्रदान करके इन्क्यूबेशन संबंधी गतिविधियों और प्रौद्योगिकी संचालित स्टार्टअप्स की पहचान कर उनका समर्थन करना है।

निष्पादित समझौता ज्ञापन के नियमों और शर्तों के तहत, दोनों इन्क्यूबेशन केंद्र सूचना के आदान-प्रदान एवं स्टार्टअप कंपनियों के लिए सेमिनार, सम्मेलन, कार्यशालाओं के संयुक्त संगठन के माध्यम से अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता और इन्क्यूबेशन गतिविधियों के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमत हुए हैं। इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर नवाचार, उद्यमिता, अनुसंधान और उद्योग सहयोग में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए इन दोनों संस्थानों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह रणनीतिक साझेदारी निस्संदेह इन इन्क्यूबेशन केंद्रों की वृद्धि और विकास में योगदान देगी और बड़े पैमाने पर स्टार्टअप्स, छात्रों, संकायों और उद्योगों को लाभान्वित करेगी।

NITRRFIE की ओर से समझौता ज्ञापन पर माननीय निदेशक एनआईटी रायपुर, प्रो. एन.वी. रमना राव तथा PITEF की ओर से माननीय कुलपति पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन के हस्ताक्षर के दौरान कैरियर डेवलपमेंट सेंटर (सीडीसी) के प्रमुख डॉ. समीर बाजपेयी, एनआईटी रायपुर के इनक्यूबेशन सेल के संकाय प्रभारी एवं NITRRFIE के अंतरिम सीईओ डॉ. अनुज कुमार शुक्ला तथा एनआईटी रायपुर के सहायक कुलसचिव एवं NITRRFIE के अंतरिम प्रबंधक श्री पवन कटारिया, साथ में डॉ. कविता ठाकुर, प्रोफेसर, रविवि और निदेशक PITEF, डॉ. अंबर व्यास, एसोसिएट प्रोफेसर रविवि एवं सदस्य PITEF तथा डॉ. दीपेंद्र सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर रविवि एवं सदस्य PITEF मौजूद रहे।

## विधायक जुनेजा की मौजूदगी में 'महालक्ष्मी नारी न्याय' योजना का फार्म भरने महिलाओं ने दिखाई दिलचस्पी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** केन्द्र में सरकार बनने पर देश के निम्न वर्ग के महिलाओं को कांग्रेस अपने गारंटी पर प्रतिमाह 8333/रूपये देगी. ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जोर शोर से महालक्ष्मी नारी न्याय योजना को घर घर पहुंचा रही हैं इसी कड़ी में रायपुर लोकसभा रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के गुरुगोविंद सिंह वार्ड में जगन्नाथ नगर में इसकी शुरुवात रायपुर उत्तर विधानसभा के पूर्व विधायक श्री कुलदीप जुनेजा महिलाओं के बीच जाकर फार्म भरने उन्हें प्रोसाहित किया।इस दौरान वार्ड के महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद पुरुषोत्तम बेहेरा एल्डरमैन देवदीवान कुर्रे, ब्लॉक अध्यक्ष दीपा बग्गा, ब्लॉक अध्यक्ष संजय सोनी, सेवक महानंद, पप्पू ईरानी सहित वार्ड अध्यक्ष एवं कार्यकर्त्ता मोजूद रहे।

## एएम/एनएस इंडिया के सहयोग से चित्रकोंडा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

**एएम/एनएस इंडिया के द्वारा पाइपलाइन गांवों के युवाओं को मिल रहा आगे बढ़ने का मौका**

**एएम/एनएस इंडिया द्वारा खेलकूद के माध्यम से युवाओं को मिल रहा प्रोत्साहन**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 31 मार्च 2024 को एएम/एनएस इंडिया के सहयोग से चित्रकोंडा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन समारोह आयोजित किया गया।इस टूर्नामेंट में 16 गांवों की टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें अधिकांश पाइपलाइन क्षेत्रों के युवा भी शामिल थे जिन्हें इस टूर्नामेंट के द्वारा अपनी प्रतिभाओं के प्रदर्शन का अवसर मिला।

इस समापन समारोह के दौरान चित्रकोंडा प्लांट प्रभारी श्री प्रवीण पी. द्वारा विजेताओं, धावकों एवं व्यक्तिगत खिलाड़ियों को ट्रॉफी का वितरण किया गया। समापन कार्यक्रम में श्री कृष्ण राव और श्री जी.प्रधान जी उपस्थित रहें। समापन समारोह के अंत में खेल और युवा क्लब सहित चित्रकोंडा के युवाओं द्वारा कार्यक्रम के आयोजन के लिए एएम/एनएस इंडिया को धन्यवाद दिया गया।

एएम/एनएस इंडिया कंपनी क्रिकेट टूर्नामेंट्स जैसे विभिन्न खेलों के द्वारा पाइपलाइन गांवों में रहने वाले युवाओं को समाज में आगे लाने एवं प्रोत्साहित करने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। इनके द्वारा लगातार किये जा रहे विकास कार्यों में विशेष रूप से स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा, स्पोर्ट्स एवं रोजगार के क्षेत्र शामिल हैं। एएम/एनएस इंडिया के सामाजिक उत्थान के कार्यों, स्पोर्ट्स एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का मुख्य उद्देश्य स्थानीय आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगों को प्रत्यक्ष रुप से लाभ पहुंचाना है जिसके परिणामस्वरूप एक स्वस्थ जागरूक एवं सुरक्षित समाज का निर्माण हो सके।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354